

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 247

ग्वालियर, शनिवार, 30 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## कोरोना वैक्सीनेशन के लिए 15 नवम्बर से आरंभ होगा विशेष अभियान

### 31 दिसम्बर तक शत-प्रतशत वैक्सीनेशन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**वैक्सीनेशन के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान**

**स्कूली बच्चे करेंगे माता-पिता को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित**

**वैक्सीन की दूसरी डोज़ लगवाने में लापरवाह लोगों की मॉनीटरिंग करेंगे कॉल सेंटर**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सघन कोरोना टेस्टिंग प्रक्रिया जारी रखने के दिए निर्देश**

**प्रदेश में प्रतिदिन हो रहे हैं 58 हजार कोरोना टेस्ट**

**प्रदेश में आज मात्र 9 कोरोना केस**

**प्रदेश की 91 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को प्रथम और 36 प्रतिशत जनसंख्या को लगा द्वितीय डोज़**

**भोपाल, इंदौर और आगर जिले ने हासिल की प्रथम डोज़ के वैक्सीनेशन में शत-प्रतिशत उपलब्धि**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की कोरोना नियंत्रण एवं उपचार व्यवस्थाओं की समीक्षा**

**भोपाल /** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज़ और प्रथम डोज़ जिन प्रदेशवासियों ने नहीं लगवाया है, उनके लिए 15 नवम्बर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। सम्पूर्ण प्रदेश में 31 दिसम्बर तक शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों में कोरोना टेस्टिंग और टीकाकरण की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। निवास पर आयोजित बैठक में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है, फिर भी निरंतर जागरूक रहने की आवश्यकता है। कोरोना अनुकूल व्यवहार और टीकाकरण के लिए जागरूकता पर राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेशवासियों का जीवन बचाने के लिए वैक्सीनेशन आवश्यक है। इसके प्रति जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से सघन अभियान का संचालन किया जाएगा। अभियान में अपने माता-पिता को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूल और कॉलेज के बच्चों को भी जोड़ा जाएगा। पहला वैक्सीन लगवाकर दूसरा वैक्सीन लगवाने

में लापरवाह व्यक्तियों को कॉल सेंटर से फोन कर उनका वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि टेस्टिंग की प्रक्रिया लगातार जारी रहे। भोपाल, इंदौर जैसे जिले जहाँ तुलनात्मक रूप से कोरोना के प्रकरण सामने आते रहते हैं, वहाँ विशेष रूप से सघन टेस्टिंग जारी रहे।

जानकारी दी गई कि प्रदेश में प्रतिदिन 58 हजार आरटीपीसीआर टेस्ट किए जा रहे हैं। प्रदेश में आज मात्र 09 कोरोना केस हैं। प्रदेश की 18 साल से अधिक आयु वर्ग की कुल जनसंख्या 05 करोड़ 49 लाख 50 हजार है, जिसमें से 04 करोड़ 98 लाख 50 हजार लोगों को प्रथम डोज़ और 02 करोड़ व्यक्तियों को द्वितीय डोज़ लग चुका है। इस प्रकार प्रथम डोज़ 91 प्रतिशत और द्वितीय डोज़ 36 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को लग चुका है।

प्रदेश में तीन जिले क्रमशः भोपाल, इंदौर और आगर ने प्रथम डोज़ के वैक्सीनेशन में शत-प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। छिंदवाड़ा में 97 प्रतिशत और उमरिया में 95 प्रतिशत प्रथम डोज़ का वैक्सीनेशन हो चुका है। 23 जिलों में यह 90 से 95 प्रतिशत के बीच है। 17 जिलों में यह 85 से 90 प्रतिशत के बीच है और देवास, अलीराजपुर, पन्ना, खरगोन, सीधी और भिण्ड में प्रथम डोज़ का वैक्सीनेशन 80 से 85 प्रतिशत के बीच हुआ है। द्वितीय डोज़ लगाने में भोपाल और इंदौर में 59 प्रतिशत जनसंख्या को कवर किया जा चुका है। भोपाल में 70 प्रतिशत और इंदौर में 50 प्रतिशत पात्र जनसंख्या ऐसी है, जिसने पहला डोज़ तो लगवा लिया है पर उनका वैक्सीन का दूसरा डोज़ अभी लंबित है।



## सुरक्षा महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी

### संवेदनाशून्य जीवन निरर्थक : राज्यपाल श्री पटेल

### राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन सुरक्षा बल के साथ किया संवाद



**भोपाल /** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संवेदनाशून्य जीवन निरर्थक है। प्रकृति द्वारा मनुष्य को विशेष शक्ति सम्पन्न बनाया गया है। उसे बुद्धि दी है ताकि वह सही गलत को समझ कर कार्य करे। उन्होंने कहा कि आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, साथ ही निर्दोष और पीड़ित के प्रति संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार भी जरूरी है।

राज्यपाल श्री पटेल आज राजभवन के स्वर्ण जयंती सभागार में राजभवन सुरक्षा में तैनात पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद कर रहे थे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सुरक्षा महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। इसके लिए उच्च स्तरीय तकनीकी, व्यवसायिक ज्ञान के साथ ही शारीरिक और मानसिक सजगता का होना जरूरी है। उन्होंने राजभवन के सुरक्षा बल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा कार्य के अनुभवों को सहयोगियों के साथ साझा करने वाले आयोजन किए जाने चाहिएं। इससे कार्य की गुणवत्ता और अधिक बेहतर होती है। उन्होंने नियमित योग करने, खेलकूद, मनोरंजन की गतिविधियों और पारस्परिक संवाद के आयोजनों की निरंतरता के लिए भी कहा। उन्होंने सुरक्षा बलों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने में सहयोग का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ भी दी।

संवाद में निजी सुरक्षा अधिकारी आरक्षक श्री धर्मराज पाण्डे और 35वीं वाहिनी सशस्त्र बल के उप निरीक्षक श्री संतोष ने विचार व्यक्त किए। स्वागत उद्बोधन राज्यपाल के परिसहाय श्री अगम जैन ने दिया। आभार प्रदर्शन सुरक्षा अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चावड़ा ने किया। कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी, सुरक्षा वाहिनी और 35वीं वाहिनी सशस्त्र बल, ग्वालियर के जवान उपस्थित थे।

## उपचुनाव के लिए मतदान आज

### 26 लाख से अधिक वोटर करेंगे मताधिकार का प्रयोग




**भोपाल /** मध्यप्रदेश में 30 अक्टूबर यानी शनिवार को खंडवा लोकसभा के साथ-साथ तीन विधानसभा सीटों- रैगांव, पृथ्वीपुर और जोबट में उपचुनाव होने हैं। 26 लाख से अधिक वोटर 48 प्रत्याशियों में से अपना नेता चुनेंगे। चारों ही सीटों पर कोरोनावायरस की वजह से निर्वाचित प्रतिनिधियों की मौत होने से उपचुनाव की नौबत बनी है। इन चुनावों को शिवराज सिंह चौहान का लिटमस टेस्ट कहा जा रहा है। नतीजे 2 नवंबर को घोषित होंगे।

कोरोना की दूसरी लहर में निर्वाचित प्रतिनिधियों की मौत के बाद सीटें रिक्त हुई हैं। खंडवा लोकसभा सीट पर भाजपा के नंदकुमार सिंह चौहान सांसद थे। कोरोना की वजह से उनका निधन हुआ और इस सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। इसी तरह जोबट विधानसभा से कांग्रेस विधायक कलावती भूरिया, पृथ्वीपुर से ब्रजेंद्र सिंह राठौर और रैगांव से जुगल किशोर बागरी का भी कोरोना से निधन हुआ था। चुनाव कानून के मुताबिक लोकसभा और विधानसभा की सीटें खाली होने के छह महीने के भीतर नया प्रतिनिधि चुना जाना आवश्यक है। इसी के लिए यह उपचुनाव हो रहे हैं।

## हाई कोर्ट ने 5 पन्नों का जारी किया ऑर्डर, भरनी पड़ेगी 1 लाख रुपए की जमानत राशि, आर्यन की जल्द होगी रिहाई




मुंबई। बंबई हाई कोर्ट ने आर्यन खान की जमानत से जुड़ा हुआ 5 पन्नों का ऑर्डर जारी कर दिया है। आपको बता दें कि हाई कोर्ट ने आर्यन खान को सशर्त जमानत दी है। इसके लिए 1 लाख रुपए की जमानत राशि भरनी पड़ेगी। इसके अलावा जांच अधिकारी को बताए बिना आर्यन खान मुंबई छोड़कर नहीं जा सकते हैं।

**सेशन कोर्ट में जमा होगा बेल ऑर्डर**

आर्यन खान के वकील हाई कोर्ट से जमानत की ऑर्डर कापी को लेकर सेशन कोर्ट जाएंगे और फिर वहां पर जमानत राशि भरने के बाद मिलने वाले रिलीज ऑर्डर को लेकर वकील आर्थर रोड स्थित जेल जाएंगे। जिसके बाद आर्यन खान मन्नत जा सकेंगे।

गौरतलब है कि एनसीबी ने 3 अक्टूबर को आर्यन खान, मर्चेंट और धमेचा को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद मजिस्ट्रेट ने तीनों आरोपियों को एनसीबी की हिरासत में भेज दिया। जिसके बाद विशेष न्यायाधीश वीवी पाटिल ने 13 अक्टूबर को आर्यन खान की जमानत याचिका पर सुनवाई शुरू की और 20 अक्टूबर को विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने आर्यन खान की जमानत याचिकाएं खारिज की। जिसके बाद आर्यन के वकीलों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अंततः 25वें दिन आर्यन को जमानत मिल गई।

## यूपी मिशन 2022 सियासी मंत्र देने लखनऊ आ रहे हैं अमित शाह




लखनऊ / केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लखनऊ पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम के बीच ही वह प्रदेश भाजपा के कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान वह न केवल पार्टी द्वारा तय कार्यक्रमों में भाग लेंगे बल्कि मुख्यालय पर होने वाली बैठकों में मिशन-2022 के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के साथ ही सियासी मंत्र भी देंगे। शाह सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने के अलावा पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठकें करेंगे। उनके इस कार्यक्रम को भाजपा के चुनावी अभियान का अहम पड़ाव माना जा रहा है। उनके द्वारा दिए जाने वाले दिशा निर्देशों के मुताबिक प्रदेश भाजपा मिशन 2022 के अपने कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृहमंत्री शाह शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे चौधरी चरण एयरपोर्ट पहुंचेगें। एयरपोर्ट से वह सीधे डिफेंस एक्सपो मैदान सेक्टर-17 वृन्दावन योजना स्थित कार्यक्रम स्थल पर सुबह 11 बजे पहुंचेगे। जहां पर पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही अवध क्षेत्र के शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारियों को संबोधित करेंगे। इस संबोधन को काफी अहम माना जा रहा है। अमित शाह पार्टी के एलईडी प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डा. दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व राज्य सरकार के मंत्री मौजूद रहेगें। गृहमंत्री दोपहर एक बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, लोकसभा चुनाव 2019 में लोकसभा के प्रभारी व संयोजक शामिल होंगें। इसके बाद वह पार्टी के राज्य मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां पर प्रदेश प्रभारी-सहप्रभारी, प्रदेश चुनाव प्रभारी-सहप्रभारियों सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। इस बैठक में अब तक की तैयारियों का फीडबैक लेंगे साथ ही आगे के लिए जरूरी निर्देश देंगे। उनके कार्यक्रम और आगमन को देखते प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता इस राजधानी में जमे हुए हैं। कार्यक्रम स्थलों पर की जा रही तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

## शक्तिकांत दास को तीन और वर्षों के लिए मिली आरबीआई गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्ति



**नई दिल्ली** । मोदी सरकार ने शक्तिकांत दास को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर के रूप में तीन और वर्षों के लिए फिर से नियुक्त किया है। पुनर्नियुक्ति 10 दिसंबर से या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास को 10 दिसंबर 2021 से आगे तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए फिर से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने गुरुवार देर रात इस फैसले को मंजूरी दे दी। दास पहले वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के सचिव थे और उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को तीन साल की अवधि के लिए केंद्रीय बैंक के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था।शक्तिकांत दास विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है और उन्होंने वित्त, कराधान, उद्योग, बुनियादी ढांचे आदि के क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर हैं। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, वह सीधे तौर पर 8 केंद्रीय बजट तैयार करने से जुड़े थे।



# परिवहन व यातायात व्यवस्था के लिए लोगों में जागरूकता लाना जरूरी:सांसद नकुलनाथ

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड

दैनिक पुष्पांजली टुडे 9826576206



छिंदवाड़ा । सांसद एवं जिला स?क सुरक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष नकुल नाथ की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स?क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायकगण सर्वश्री सोहन वाल्मीक, कमलेश शाह, सुजीत चौधरी, विजय चौरे, सुनील उईके व निलेश उईके, छिन्दवाडा विधायक प्रतिनिधि दीपक सक्सेना, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक विवेक अग्रवाल, अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके, एस.डी.एम. अतुल सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक मोतीलाल कुशवाहा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुदेश सिंह, जिला स?क सुरक्षा समिति की सचिव एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान,अन्य अधिकारी और ट्रक व बस एसोसियेशन के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य एस.डी.एम., एस.डी.ओ.पी. और अन्य अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुये ।

बैठक में सांसद श्री नाथ ने कहा कि बेहतर परिवहन व यातायात व्यवस्था के लिये लोगों में जागरूकता लाना आवश्यक है। इसके लिए नगरीय क्षेत्रों में प्रचार वाहन और लाउड स्पीकर की मदद से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मुख्य मार्गों व चौराहों पर भी लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित करने और ऐसा करने वालों पर सख्त चालानी कार्यवाही करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्यवाही करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने वालों को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्हें पुरुस्कृत किया जा सकता है जिससे अन्य लोग भी यातयात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने यातायात नियमों का पालन कराने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों और कर्मियों को भी पुरुस्कृत करने का सुझाव दिया। बैठक में कलेक्टर द्वारा सांसद श्री नाथ एवं समिति के अन्य सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों को अमल में लाने और बजट की उपलब्धता के अनुरूप सड़कों की मरम्मत का कार्य समय पर कराने सहित सभी आवश्यक कार्यवाहियां सुनिश्चित कराने के लिये आश्वस्त किया ।

बैठक के प्रारंभ में 11 फरवरी 2021 को आयोजित पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने संबंधित एजेंसीज द्वारा प्रमुख बिन्दुओं ब्लैक स्पॉट के परिशोधन कार्य, वन-वे के पालन, लेफ्ट टर्न का पालन, अतिक्रमण हटाये जाने के पालन, ऑटो स्टैंड के लिये स्थान नियत किये जाने, रिंग रोड के सम्पूर्ण मार्ग एवं रोटरी पर प्रकाश सिग्नल लगाने, नो एंट्री समय सीमा निर्धारण, हाईवे पर रोड मिडियन हाईवे एवं संकीर्ण मार्गो पर जंक्शन पर प्रकाश व्यवस्था, टोल प्लाजा पर हेवी केन वाहनों की उपब्लधता, यातायात सिगनल की स्थापना, यातायात की सुरक्षा के लिये सहायक संसाधनों की आपूर्ति एवं सड़क दुर्घटना की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन की पहचान एवं उन्हें प्रोत्साहित किये जाने संबंधी संबंधित एजेंसीज द्वारा प्रस्तुत समेकित कार्य सूची चर्चा के लिये बिंदुवार प्रस्तुत की। बैठक के मुख्य एजेंडे में परिवहन आयुक्त द्वारा लिये गये इनिशियेटिव ÷जीरो विजन÷ पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा पावर पाईंट पर प्रेजेन्टेशन दिया गया । इसके बाद यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुदेश सिंह द्वारा जिला सड़क सुरक्षा प्लान पर बिन्दुवार प्रेजेन्टेशन दिया गया। बैठक में बताया गया कि विजन जीरो, गुड सेमेरिटन, नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में सुरक्षा संबंधी उपायों एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के उपचार, दुर्घटना की स्थिति, क्विक रिस्पांस एवं चिकित्सीय सुविधा को बेहतर बनाये जाने, नगर निगम क्षेत्र में आंतरिक सड़कों के प्रबंधन आदि, रोहना गुरैया वायपास एवं अतरवाड़ा रिंग रोड पर रोटरी निर्माण किया गया है और एन.एच. 547 एवं एन.एच. 347 की मरम्मत व रखरखाव के लिये 494 करोड रूपये का टेंडर स्वीकृत हुआ है।


# गुर्जर सम्राट महिर भोज के बोर्ड के अनावरण में पहुंचे श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज दंदरौआ धाम

दैनिक पुष्पांजली टुडे
बृजपाल सिंह गुर्जर



भिंड जिले के मेहगांव तहसील क्षेत्र में आने वाले ग्राम दंदरौआ मैं गुर्जर सम्राट महिर भोज की जाति को लेकर छेड़ा विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है गुर्जर समाज ने इस विषय को प्रतिष्ठा का सवाल मानते हुए समाज को एकजुट करके पूरे जिले में जगह जगह पर गुर्जर सम्राट महिर भोज के बोर्ड लगाने शुरू कर दिए हैं इसी क्रम में ग्राम दंदरौआ और इसी क्रम में ग्राम कतरोल मैं गुर्जर सम्राट महिर भोज के बोर्ड अनावरण हुआ जिसमें दोनों जगह रामदास जी महाराज दंदरौआ महाराज जी के द्वारा दोनों बोर्ड का अनावरण किया गया और फूल माला से स्वागत किया गया इस अवसर पर मिठाई वितरण कर ढोल नगाड़ा के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए जिसके मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 रामदास महाराज दंदरौआ धाम उपस्थित रहे रामदास महाराज जी द्वारा बताया गया की इतिहास इस इसका साक्षी है की गुर्जर सम्राट महिर भोज एक गुर्जर जाति के हैं इसे हर प्रकार से प्रमाणित है जो कागज प्रमाण के साथ लिखा गया है और उन्होंने कहां कि आपस में विवाद करने से दोनों पक्ष शांति बनाए रखें तो जिसमें समाज का और देश का भला होगा आपसी विवाद बाहर के लोगों को बढ़ावा देता है और वहीं पर उपस्थित गुर्जर समाज के लोगों ने बताया की गुर्जर सम्राट महिर भोज हमारी जाति के हैं हमारे हैं और हमारे ही रहेंगे और उन्होंने गुर्जर सम्राट महिर भोज जिंदाबाद जिंदाबाद नारे भी लगाए मौके पर उपस्थित रहे रणवीर मेंबर कालीचरण सिंह बलवीर सिंह मोकम सिंह रघुनाथ सिंह विशंभर सिंह रिंकू गुर्जर भूपेंद्र गुर्जर शिवाजी गुर्जर अरविंद गुर्जर गिर्राज गुर्जर धर्मवीर गुर्जर गोविंद गुर्जर कुंवर राज गुर्जर कल्लू बजाएं लाला गुर्जर विकास गुर्जर आकाश गुर्जर भूपेंद्र गुर्जर राजा गुर्जर विनोद गुर्जर मानवेंद्र गुर्जर भूपेंद्र गुर्जर उपेंद्र अंकित कृष्णा गुर्जर सचिन गुर्जर सूरज गुर्जर अभिषेक गुर्जर विकास गुर्जर पवन गुर्जर संजीव गुर्जर धरम वीर गुर्जर लवकुश गुर्जर योगेंद्र गुर्जर सुनील गुर्जर प्रदीप गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुरैना एसबीआई बैंक के मैनेजर बीवी गर्ग का दतिया आगमन पर श्यामू ठाकुर ने किया फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत



पुष्पांजली टुडे सेवड़ा । पूर्व सेवड़ा एसबीआई एवं वर्तमान मुरैना एसबीआई बैंक के मैनेजर बीबी गर्ग का दतिया पीतांबरा माई पर आगमन हुआ और उन्होंने वहां पहुंचकर पीतांबरा माई के दर्शन किए आशीर्वाद लिया इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने उनका दतिया आगमन पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया श्यामू ठाकुर ने कहा कि आप जैसे अधिकारी सेवड़ा छोड़ कर चले गए पर हमारे दिल में आप हमेशा बसते हैं आपको बता दें कि बहुत ही सरल एवं सहज भाव के साथ सेवड़ा में रहकर पूर्व में अपनी सेवाएं दे चुके हैं । दतिया आगमन पर उन्होंने समाजसेवी श्यामू ठाकुर को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आपके संगठन में कार्यशील युवा है आप ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार सील बनाएं एवं उन्होंने यह भी बताया कि आप उद्योग विभाग में जाकर संपर्क करें हम आपका पूर्ण सहयोग करेंगे एवं शीघ्र ही सेवड़ा में उद्योग खुलेंगे

# सीरवी समाज के रत्न रामलाल सेंणचा ने सभी छात्रावास व प्रमुख संस्थाओं के स्पाफों को दिपावली पर्व पर पारितोषिक देने की घोषणा

पुष्पाजंली टुडे



गुजरात ~-गांधीधाम सीरवी समाज के समाज रत्न,समाज सेवी,हमेशा समाज जनहित कल्याणकारी कार्य करने वाले रामलाल सेणचा सीरवी मूलनिवासी रामपुरा पाली ने दीपावली पर्व पर अपना प्रतिष्ठान-दिव्या साल्ट लिमिटेड कंपनी में जब अपने स्टाफ के लिए हर साल की भांति एक महीने का बोनस का चेक बना रहे थे ।तब उनके मन मे विचार आया कि इस बार पाली छात्रावास व जोधपुर छात्रावास मारवाड़ जंक्शन छात्रावास श्री योग माया मंदिर उज्जैन, सीरवी समाज भवन हरिद्वार जीजीवडआई माता मंदिर डायलाना सीरवी समाज भवन पुष्कर इन जगहों पर क्यों नही उन सभी स्टाफों को दिव्या साल्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गांधीधाम कच्छ गुजरात की ओर से दीपावली के शुभ पर्व पर समाज जनहित में सेवाकार्य करने वाले स्टाफ को सभी जगहों पर रामलाल सेणचा ने इस पर्व के मौके पर घोषणा करते हुए सभी स्टाफ कर्मचारियों को कप?,ओर मिठाई देने का निर्णय लिया गया रामलाल सेणचा ने कहा कि उन सभी स्टाफ कर्मचारियों की सेवा करने का मुझे भी ब?ा सौभाग्य प्राप्त होगा। इसलिए इस बार सोचा कि क्यों नही उन सभी स्टाफ को दिया जाए उनके घरों में खुशियां मनाई जाए और वो भी इस पर्व पर समाज से अपेक्षा करते हैं।इसलिए यह निर्णय लेकर आज मुझे ब?ी खुशी हो रही है। ऐसे पर्व पर हम सभी को करना भी चाहिए ताकि उनका हौशला अफजाई हो। आगे भी हमारे सभी संस्थाओं में सालभर अच्छे से कार्य कर सके।

# इमरजेंसी एंबुलेंस का जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों और आशा कार्यकर्ता को दी गई जानकारी

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन, भिण्ड



शुक्रवार शाम 4ः00 बजे स्वास्थ्य केंद्र मौ पर 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी और उनके सहयोगी ईएमटी रामजीवन भास्कर के द्वारा आस पास ग्रामीणों से आई हुई आशा कार्यकर्ता, एवं ग्रामीण जनों और स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के समक्ष 108 इमरजेंसी एंबुलेंस की विशेषताओं बारे में जानकारी दी गई,जिसने मिलने वाली दवाइयों और उपयोग में आने वाले उपकरणों के बारे में जानकारियां दी गई, साथ ही बताया गया कि किन परिस्थितियों में हम 108 इमरजेंसी एंबुलेंस का उपयोग कर सकते हैं साथ ही यह बताया गया कि यह एक जीवन रक्षक जनहित में जारी निशुल्क एक जीवनदायिनी योजना है किसी भी आपातकालीन स्थिति में, जैसे लड़ाई दंगा, मारपीट, जहरखुरानी, सड़क दुर्घटना, हार्टअटैक, ब्रेन हेमरेज यहां तक की डिलीवरी के समय महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए आप 108 पर फोन लगाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं किसी भी आपातकालीन स्थिति में आप इसका उपयोग कर सकते हैं।

# कस्तूरबा आवासीय बालिकाओं को मिली साइकिलें खिले चेहरे

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता, नैनाराम सिरवी।** रानी । खोड़ के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में मुख्य अतिथि पूर्व रानी प्रधान पाबूसिंह राणावत के सानिध्य में साइकिल वितरण समारोह आयोजित हुआ । समारोह में राणावत ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों के आवागमन की समस्या को देखते हुए साइकिले दी जा रही है इसका सदुपयोग करें । तथा समय पर स्कूल जाकर अच्छी पढ़ाई करें। जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी ने बताया कि छोटी-छोटी ढाणियों व गांव से छात्राएं आवागमन के साधन नहीं होने से बच्चियां विद्यालय छोड़ देती थी अब उन्हें आने जाने की समस्या नहीं रहेगी तथा समय की बचत होगी जिसका सदुपयोग करे तथा पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे । वर्तमान समय में शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है शिक्षा में महारत हासिल करने वाली बच्चियां बड़ी होकर दो परिवार को निखारती है प्रधानाचार्य हेमंत दवे ने बताया कि आवासीय छात्राओं को वर्ष 2019 व 2021 के नवमी कक्षा की छात्राओं को 154 साइकिल वितरण की गई । गत वर्ष कोरानाकाल के चलते साइकिल वितरण नहीं हुआ था इसीलिए 2 वर्ष की एक साथ साइकिल वितरण की गई । इस मौके मुकेश सीरवी, रमजान खोड़, सोनाराम मेघवाल, महिपालसिंह मेड़तिया, वार्डन लीला मेघवाल ,हिम्मतसिंह राजपुरोहित ,फूलचंद मालवीय ,जितेंद्र दवे ,मांगीलाल मीणा, सहित छात्राओं के अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे ।



# शहीद किसानों की अस्थियों को श्रद्धांजलि देते हुए किसान

महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,
पुष्पांजली टुडे



गोहद। प्रेम नारायण माहोर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी अनुसार, नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए 3 किसान विरोधी कानून को लेकर लखीमपुर खीरी में आंदोलनकारी किसानों की बीजेपी के केंद्रीय मंत्री के पुत्र द्वारा चार पहिया वाहन से रौंद कर हत्या की गई थी उन शहीद किसानों के अस्थि कलश यात्रा ग्वालियर चंबल संभाग में घूमती हुई मौ झांकरी गोहद,रायतपुरा, मालनपुर पहुंची इस दौरान सभी स्थानों पर हुई श्रद्धांजलि सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा राज्य सचिव अखिलेश यादव मुरैना किसान सभा नेता ग्यारामसिंह धाकड़. प्रेम नारायण माहोर राजेश शर्मा संतोष सिंह पटेल राजेंद्र सिंह कुशवाह ओपी बाथम देवेंद् शुक्ला रशीद खान वीरेंद्र कुशवाहा नारायण शर्मा हरविलास माहौर ने संबोधित कर किसान आंदोलन को किसानों के हित में बताया वक्ताओं ने कहा चाहे जितने किसानों को शहीद होकर कुर्बानी देना पडे मगर जब तक किसान विरोधी कानून को वापस नहीं ले लिया जाता है तब तक किसान आंदोलन पूरे देश में जारी रहेगा वक्ताओं ने कहा जन विरोधी नीतियों के कारण पेट्रोल डीजल रसोई गैस खाद बीज के दाम बढ़ते जा रहे हैं महंगाई चरम अवस्था पर पहुंच गई है बेरोजगारी बढ़ती जा रही है देश में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है इस मौके पर उपस्थित मध्य प्रदेश किसान सभा जनवादी महिला समिति जनवादी नौजवान सभा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अस्थि कलस पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर देवाराम कुशवाहा आसाराम माहौर रवि राठौर शोभा माहोर राम काबाई चमेली बाई सरोज श्रीवास मुन्नालाल माहौर उदयसिंह श्रीवास सुनीता माझी कैलाश माझी कैलाशी श्रीवास सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष इस अस्थि कलश को दी गई श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

# केन्द्रीय क्षेत्र सांसद पी.सी.मोहन ने बलेपेट वडेर में पुत्री की शादी का आमंत्रण दिया



पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

बेंगलूर~-बलेपेट बेंगलूर केंद्रीय संसदीय क्षेत्र से सांसद पी.सी.मोहन अपनी पुत्री की शादी का आमंत्रण देने के लिए बलेपेट वडेर पहुंचे । वडेर में सीरवी समाज पदाधिकारियों को शादी की पत्रिका देकर आमंत्रण किया । इस अवसर पर सीरवी समाज बेंगलूर बलेपेट वडेर के अध्यक्ष शोभाराम चोयल , उपाध्यक्ष भंवरलाल चोयल, सचिव नारायणलाल लचेटा ,कोषाध्यक्ष सुजाराम राठौङ, सह -कोषाअध्यक्ष लक्ष्मण राम गेहलोत ,कारिकारिणी कमेटी सदस्य चुनीलाल काग, पुखराज सीरवी, सेवा संघ के सदस्य तेजाराम सीरवी , संस्कृति समिती के अध्यक्ष मागीलाल परिहार कर्नाटक महासभा के सदस्य अमराम सोयल वरिष्ठ सदस्य झालाराम देवड़ा,बिजेपी गांधीनगर मंडल के अध्यक्ष शैतानसिंह मौजूद थे।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**सेक्टर स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करें महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला : कलेक्टर**



भिण्ड (ब्यूरो)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार, बीएमओ, सीडीपीओ, सुपरवाईजर आदि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर द्वारा महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ विभाग को निर्देशित किया गया कि महिला बाल विकास के सेक्टरों पर दोनों विभागों के अमले के कर्मचारी आशा, एएनएम, आंगनवा?ी कार्यकर्ता समन्वय बनाकर कार्य कर दोनों विभागों के महिला एवं बच्चों हेतु चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो एवं उन्हें लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर पर स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एवं महिला बाल विकास के सुपरवाईजर संयुक्त दल के प्रभारी होंगे एवं नियमित उनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने महिला बाल विकास विभाग की योजना सीएम बाल आरोग्य, पीएम मातृ वंदना योजना, संपर्क एप आदि की समीक्षा कर योजनाओं में लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान एएनसी, कम्युनिटी रेफ्फेरल आदि की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि सीएचओ अपना कार्य ठीक प्रकार से करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले को महिला बाल विकास विभाग अमले के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इससे अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने कोविड वैक्सीन टीकाकरण की भी समीक्षा की इस दौरान यह सामने आया कि दूसरे टीके की ड्यू लिस्ट लगातार ब? रही है। इसको लेकर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दूसरे टीकाकरण हेतु भी लगातार अभियान चलाकर टीकाकरण किया जाए। इसमें स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें।

# भारतीय नमो संघ ने डिप्टी कलेक्टर वरुण अवस्थी को मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन


दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड। भारतीय नमो संघ संगठन के द्वारा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर वरुण अवस्थी को एक शिकायती ज्ञापन पत्र कांग्रेस नेताओं के खिलाफ सौपा गया,इस अवसर पर भारतीय नरेंद्र मोदी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित ने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार के जाने के बाद कांग्रेस नेता बोखलाए हुए हैं और राजनैतिक ईर्ष्या द्वेषपूर्ण भावना के चलते मनग?त ओर मिथ्या निराधार आरोप लगा रहे हैं ,उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता मध्यप्रदेश सरकार के स्वच्छ छबि रखने वाले ईमानदार कैविनेट सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया जी की छबि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता अपने इस घृणित कार्य मे कभी सफल नहीं हो पाएंगे,इसके बाद भारतीय नमो संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री मनोज तोमर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमंत कटारे के द्वारा जो आरोप भिंड एस डी एम उदय सिंह सिकरवार एव सहकारिता मंत्री पर  पर लगाये गए हैं वो वेबुनियाद एव निराधार है,उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमंत कटारे के द्वारा मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने को लेकर जो घृणित व्यानबाजी की जा रही है जो कि अपराध की श्रेणी में आता है,उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा भिंड के ईमानदार एस डी एम महोदय पर किसानों को धमकाने एव गलत तरीके से गुमराह कर जमीन की खरीद फरोख्त का आरोप लगाया है जो कि निराधार है,उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपनी निजी कमाई ओर पैत्रक संपत्ति से जमीन जायजाद खरीदता है तो उसे पूर्ण अधिकार है, इसके बाद नमो संघ के प्रदेश सचिव पंकज शर्मा ने कहा कि जिन किसानों से भिंड एसडीएम महोदय अपनी निजी मेहनत की कमाई से जमीन जायदाद खरीदी है ,उन किसानों के द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई, लेकिन कांग्रेस के नेता सस्ती लोकप्रियता हासिल करने को लेकर  भिंड के ईमानदार एस डी एम उदय सिंह सिकरवार पर एव मध्यप्रदेश के ईमानदार सहकारिता लोकसेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद भदौरिया की स्वच्छ छबि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं जो कि अपराध और मान हानि की श्रेणी में आता है ,उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमंत कटारे शीघ्र ही माफी मांगे,अन्यथा भारतीय नमो संघ पूरे मध्यप्रदेश में प्रत्येक जिला स्तर पर ज्ञापन सौपेगा, ,ओर धरना प्रदर्शन करेगा ,तथा भ्रष्ट कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करेगा,इस अवसर पर बरिष्ठ समाजसेवी रतन मानव जैन,नमो संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामेंद्र शर्मा,सुशील भदौरिया जिला महामंत्री, प्रदेश सचिव पंकज शर्मा,नमो संघ के जिला उपाध्यक्ष राजू सिरोठिया, शेरा परिहार प्रदेश उपाध्यक्ष,अंकित जोशी, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट के संबंध में हाउसिंग बोर्ड की बैठक सम्पन्न

नीरज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड (ब्यूरो)।

क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह की उपस्थिति में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा भिण्ड जिले के इरीगेशन कॉलोनी में रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट के संबंध में हाउसिंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड के अधिकरी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा इरीगेशन कॉलोनी हेतु तैयार किए गए रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की जानकारी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से प्राप्त की गई। प्रोजेक्ट अंतर्गत इरीगेशेन डिपार्टमेंट के ऑफिस का निर्माण इसके साथ विभिन्न तरीके के सरकारी आवास एवं अन्य किया जाने वाले निर्माण की जानकारी भी हाउसिंग बोर्ड के अधिकरियों द्वारा विधायक एवं कलेक्टर को दी गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने डोर टू डोर पहुंचकर विधिक सहायत के लिए किया लोगों को जागरूक



शिवपुरी। शुक्रवार दिनांक 29 अक्टूबर 2021 को जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती अर्चना सिंह माननीय जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा, आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पैरा लीगल वालंटियर, कार्यालय स्टाफ दिनेश कुशवाह, शिवओम शर्मा, शिवम रघुवंशी व विधिक साक्षरता टीम द्वारा आमजन को विभिन्न योजनाओं जानकारी देकर न्यायालयीन प्रक्रिया एवं विधिक सहायता किस प्रकार और कौन प्राप्त कर सकते है, की समझाईश दी गई। इसके अतिरिक्त ग्राम अर्जुन गवा, गांगुली, करईदादा, सुरवाया, मोहम्मदपुर, अमोला बीरपुर, अमोला क्रेशर, सिरसोद चौराहा ,करेरा कलोथरा में डोर टू डोर पहुंच कार्यक्रम के तहत लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं निशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जागरूक किया गया तथा पेंपलेट वितरित किए गए।

## अनुराग फर्स्ट नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की टीम में हुए शामिल बढ़ाया पिछोर का मान

राकेश परिहार रिपोर्टर

पुष्पांजली टुडे

पिछोर । फर्स्ट नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप नई दिल्ली इंदिरा गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई जिसमें खास मेहमान सांसद बृजभूषण शरण थे जिसमें पिछोर के अनुराग पटेरिया ने भोपाल संभाग से चयनित होकर दिल्ली नेशनल में वह अपने ब्रंज मेटल की फाइट में हिमाचल प्रदेश के रेसलर से हार गए अनुराग पटेरिया पुत्र श्री राम कुमार पटेरिया निवासी बिजासन कॉलोनी पिछोर जो कि शिवपुरी जिले से नेशनल ग्रिप्लिंग चैंपियनशिप नई दिल्ली में शामिल होने वाले एकमात्र रेसलर बने अनुराग पटेरिया की  इस सफलता से जिला शिवपुरी एवं पिछोर के लोग उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।




## घोटी घुसमारा में खिला मुठवा अतिक्रमण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

### ग्राम सभा के समक्ष रखे 10 प्रस्ताव

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे



बालाघाट । जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन घोटी घुसमारा के सामने पुस्तान - पुस्ती, पीढ़ी- दर पीढ़ी, से आखर खिलवा मुठवा है। लेकिन उक्त स्थान पर ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा बाउंड्री वॉल बनाकर तथा टीन के छप्पर बनाकर अतिक्रमण किया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामवासियों के द्वारा विगत वर्षो से कलेक्टर जनसुनवाई के अलावा तहसील कार्यालय में अनेक बार की जा चुकी थी।द्व वही मामला मिडिया में आने के बाद तहसीलदार लांजी ने ग्रामीणों की शिकायत और मिडिया में प्रसारित खबर के मुताबिक पटवारी एव राजस्व निरीक्षक द्वारा जमीन का नाप किऐ जाने के आदेश दिए गए। जिस पर राजस्व निरीक्षक भानेगांव रविन्द्र सोमनकर, पटवारी सौरभ श्रीवास्तव अपने दल? बल के साथ पंचायत घोटी घुसमारा पहुंचकर ग्रामीणों की उपस्थिति में शिकायत स्थल का नाप लिया गया। जिसमें पाया गया कि खिलवा मुठवा के पास बनी बाउंड्री वॉल और टीन शेड शासकीय भूमि पर बने हैं। स्थल पंचनामा की कार्यवाही की गई। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने पंचायत में विशेष ग्रामसभा के आयोजन हेतु बात रखी जिस पर पंचायत ने दिनांक 29 अक्टूबर को प्रात 9 बजे से ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के लगभग सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**खिला मुठवा अतिक्रमण को हटवाने रहा गरमागरम माहौल**

ग्राम सभा में ग्राम की सांस्कृतिक सामाजिक एवं धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर को सामंजस्यता के साथ स्थाई बनीं रहना चाहिए, जिस हेतु ग्रामहित में एकता के परिचायक बनकर खिला मुठवा की जगह को खुली कर देना चाहिए, इस विषय पर घंटों तक चर्चा चली किंतु परिणाम शुन्य निकला, वहीं अतिक्रमणकारियों ने 1 दिन का समय लिया है जिस पर भी ग्रामीणों ने सहमति जताई है, किंतु यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो ग्रामीण कलेक्टर आफिस का दरवाजा खटखटाने की बात कर रहे हैं। वही तहसीलदार के द्वारा दिए गए जांच के आदेश पश्चात जांच में अतिक्रमण पाया गया किंतु कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में ग्रामीण कलेक्टर के पास जाकर अतिक्रमण हटाने की गुहार लगा सकते हैं।

**इन 10 विषयों पर प्रस्ताव पारित, भेजा जाएगा उच्च अधिकारियों के पास**

आयोजित ग्राम सभा में पहला प्रस्ताव खिला मुठवा के अतिक्रमण को हटाने तथा वंहा पर 30 डिसमिल जमीन सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए स्विकृत किया जाना चाहिए। वहीं दूसरे प्रस्ताव में खसरा नंबर 165 के संबंध में जिसमें सरकारी अभिलेख में शासकीय भूमि दर्ज है जिसे प्रचलित आबादी घोषित किया जाए। तीसरे प्रस्ताव में घुसमारा टोला के देवी मंदिर परिसर में किए अतिक्रमण को हटाने, चौथे प्रस्ताव में सार्वजनिक सभामंचो पर किए गए अतिक्रमण को हटाने, पांचवें प्रस्ताव में गोण्डी तालाब में किए गए अतिक्रमण को हटाने, छटवे प्रस्ताव में ग्राम की समस्त घास भुमी पर किए गए अतिक्रमण को हटाने, सातवें प्रस्ताव में डा बाबा साहेब आंबेडकर चौक से हनुमान मंदिर तक रास्ता सुरक्षित कर उसे निर्माण करने।

## रुपावास समाज सेवी हरि भाई पटेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों का किया सम्मान



पुष्पांजली टुडे संवाददाता, नेनाराम सिरवी।

पाली। निकटवर्ती ग्राम पंचायत रुपावास में  100 करोड़ से ज्यादा व राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र में 100 करोड़ से ज्यादा  कोरोना  टीकाकरण सेवा पर 24 ग्राम पंचायतों में से दूसरा स्थान हासिल करने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरिभाई पटेल के नेतत्व में केंद्र सरकार भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 100 करोड़ से ज्यादा वैक्सीनेशन टीकाकरण पर जिन लोगो ने अपना अभूतपूर्व योगदान  एव सहयोग प्रदान किया सभी को डॉक्टरों और नर्सों  व कर्मचारियों  पुष्प माला व साफा पहनाकर शॉल व गुलदस्ता भेंट कर एक दूसरे का   मुंह मीठा करवा कर उनका जोरदार सम्मान किया गया इस मौके पर भाजपा ओबीसी महिला मोर्चा सदस्य नाजु देवी आंजना पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ नरेंद्र खंडेलवाल एएनएम नर्स कर्मी श्रीमती आशाबेन देवासी सी एच ओ ओम प्रकाश भाटी हुकम सिंह राजपुरोहित डायाराम बंजारा सावल राम पटेल ओगड़ राम लोहार सुरेश  चौहान देवेंद्र सिंह राठौड़  भोमाराम मेघवंशी सहित  कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

## चांचोड़ी प्रशासन गांवो के संग शिविर में उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के सानिध्य में आयोजित हुआ

पुष्पांजली टुडे संवाददाता नेनाराम सिरवी



रानी / राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिलेवार अलग-अलग ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासन गांवों के संग शिविर संचालित किए जा रहे हैं। रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चाचोडी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागंण में प्रशासन गांवों के संग शिविर रानी उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर के शुभारंभ में उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह ने संपूर्ण विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर के विभिन्न योजना का लाभ आमजन को देने के लिए दिशा निर्देश देकर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला कलेक्टर अंशदीप ने दौरा कर सभी विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों  को दिशा निर्देश दिए ।  मुख्य अतिथि  सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने बताया कि यह शिविर गरीब तबके के लोगों को अपने आवश्यक कार्य हेतु अलग-अलग कार्यालय में चक्कर नहीं काटने पड़े इसलिए सरकार ने शिविरों का आयोजन किया गया । उन्होंने सभी अधिकारियों से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा  कार्य कर गरीब जनता को लाभान्वित करें । शिविर में पीपीओ पेंशन 30 ,जन्म प्रमाण पत्र 3, विवाह प्रमाण पत्र 1,  चिरंजीवी रजिस्ट्रेशन 3, प्रधानमंत्री आवास 4 ,136 के 60 ,रास्ते  2, बंटवारा 30 ,नामांकन 20 ,शुद्धीकरण 66 , जॉब कार्ड 9 व पट्टे 51 वितरित किए गए।

**प्रशासन गांवों के संग शिविर में जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा**

,रानी प्रधान श्याम  कंवर मेड़तिया,उप प्रधान शीलासिंह राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी, रानी कृषि मंडी  के अध्यक्ष गिरधारीसिंह मेड़तिया ,बाल श्रम बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष शिशुपालसिंह  निंबाड़ा ,चाचोडी सरपंच पूनमसिंह राजपुरोहित, उप सरपंच जगाराम चौधरी, पाली भाजपा जिला प्रतिनिधि मुकेश सीरवी खोड़ । रानी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दुर्जन सिंह राणावत। सेवानिवृत्त विकास अधिकारी घिसा राम  बामणिया।चाचोडी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच पीराराम देवासी चाचोडी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच शायरी देवी बंजारा। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह राजपुरोहित। किरण सिंह राजपुरोहित कालू सिंह राजपुरोहित श्रवण सिंह राजपुरोहित। लक्ष्मण मेघवाल। भलाराम मीणा। बाबूलाल मीणा हरीश मीणा। जोराराम बंजारा। सहित गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे

**इस मौके  यह अधिकारी रहे मौजूद**

आवड़दान चारण विकास अधिकारी , कार्य वाहक तहसीलदार सुनीता सारण  ,सज्जनसिंह आर आई ,  रामचंद्र आर आई,।  डॉ मोहनलाल प्रजापत,  अतिरिक्त विकास अधिकारी हीरालाल मीणा ,  पीईओ भंवरलाल लोहार , सहायक अभियंता विक्रमसिंह,  सहायक कृषि अधिकारी  नरेंद्रसिंह। सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति रानी भवरलाल मालवीय। चाचोडी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया।

# संपादकीय

## जन-मन को भाती- मन की बात

**लेखक- शिव प्रकाश**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के विकास एवं गरीब उत्थान के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ कीं। देश की जनता ने जिस प्रकार उत्साह के साथ वोट दिया था, उनसे वैसी ही अपेक्षा थी। राजनीति के क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी नेता राजनीतिक विषयों पर सदैव टिप्पणी करते ही हैं। नेताओं की टिप्पणी अपने दल, उसकी नीतियों के समर्थन एवं विरोधी दलों के विरोध में ही होती हैं। वोट इस प्रकार के वक्तव्यों का आधार होता है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इन सबसे हटकर एक नई पहल प्रारंभ की, जो उनकी समाज के प्रति संवेदनशीलता, देश की जनता के मानस की सूक्ष्म अध्ययन दृष्टि एवं सामाजिक विषयों के प्रति समाज से अपेक्षित सक्रियता को प्राप्त करना, इस उद्देश्य को प्रकट करती है। इस पहल को देश ÷मन की बात÷ के नाम से जानता है। आकाशवाणी पर प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आने वाली मन की बात अब देश एवं दुनिया में लोकप्रिय है। इसकी जनप्रियता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा 27 जनवरी 2015 को मोदी जी के साथ मन की बात में सहभागिता कर चुके हैं। सतत आने वाली मन की बात की हम 82वीं श्रृंखला सुन चुके हैं। लाखों स्थानों पर करोड़ों लोग अपनी-अपनी भाषाओं में एकत्रित होकर मन की बात सुनते हैं। मृतप्राय हो चुकी रेडियो व्यवस्था एवं अप्रासंगिक जैसे लगने वाली आकाशवाणी को मन की बात ने पुनः प्रासंगिक बना दिया है। बिना किसी राजनीतिक टिप्पणी, आलोचना, प्रत्यालोचना के मन की बात ने देशभर में सकारात्मक वातावरण निर्माण किया है। समाज के सम्मुख ज्वलंत समस्याओं का निदान, रचनाधर्मी पुरुषों एवं प्रकल्पों को आगे बढ़ाया है। समस्याओं से लड़ने वाला समाज भी सक्रिय किया है। समाज की सक्रियता ही जागृत लोकतंत्र की पहचान है। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के बहुआयामी व्यक्तित्व का दर्शन भी कराया है। जिससे देश में उनके प्रति विश्वास बहुगुणित हो गया है। जब हम अपने देश की तुलना विकसित देशों के साथ करते हैं तब एक सहज टिप्पणी आती है कि वहां के नागरिकों के दैनिन्दन जीवन में व्यवहार का विवेक एवं अनुशासन है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम ने भी अपने अनुभवों का इस संबंध में उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने देश के नागरिकों के व्यवहार में यह अनुशासन आए, स्वच्छता भियान के माध्यम से इसका प्रयास किया, इसका आधार बनी ÷मन की बात÷। दैनिन्दन जीवन में सफाई से प्रारंभ करके आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शी व्यवहार, कालाधन आदि समस्याओं को मन की बात के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। समाज में दुर्व्यसन रोकने का माध्यम भी मन की बात बनी। समाज के सम्मुख प्रदूषण का संकट है। पर्यावरण बचाने के लिए विश्वभर के वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। पर्यावरण संरक्षण हेतु जल की शुद्धता, वृक्षारोपण जैसे विषयों को प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात में उठाया। 24 अक्टूबर 2021 मन की बात में गाजियाबाद के श्चश्ठ्ठस्र द्बद्व्ठ्ठ श्री रामवीर तंवर जी का उल्लेख कर जल के महत्व को मोदी जी ने समझाया। मोदी जी द्वारा उल्लेखित जल का हमारे जीवन में कितना महत्व है इसको निम्न श्लोक से समझा जा सकता है।

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती ।
नर्मदा सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधम कुरु।।

खादी पुनः आत्मनिर्भर भारत का माध्यम बनी। खादी खरीदने का आह्वान श्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात के माध्यम से किया। उन्होंने कहा कि ÷आइए हम खादी उत्पाद खरीदें और बापू की जयंती को बड़े उत्साह के साथ चिह्नित करें÷ एवं ÷खादी को कपड़े की तरह नहीं आन्दोलन की तरह देखें।÷ जिसका परिणाम हुआ खादी पुनः जन चेतना जागृति का माध्यम बनी। किसान की समस्याओं को उठाना, कृषि एवं किसानों का उचित मार्गदर्शन करना, कृषि के क्षेत्र में चलने वाले अच्छे प्रयोगों को आगे लाना सभी मन की बात के माध्यम से हुआ। ड्रोन पोलिसी से कृषि का लाभ बढ़ेगा, इस कारण ड्रोन पोलिसी समझाने का माध्यम भी मन की बात बनी। 21 जून योग दिवस अब विश्वभर में विशेष दिवस हो गया। दुनिया के समस्त देशों में योग के बड़े-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। जल, थल, नभ सभी में योग के कार्यक्रम होते हैं। भारत में तो सभी शिक्षण संस्थानों सहित गांव-गांव में योग होता है। योग गुरु एवं सामाजिक संस्थाएं योग के विस्तार में सहायक हो रही हैं। योग को जन आंदोलन का स्वरूप देने में मन की बात का बहुत बड़ा योगदान है। मोदी जी ने मन की बात में कहा कि ÷योग कम्युनिटी, इम्युनिटी और यूनिटी, सबके लिए अच्छा है।÷ बच्चों के विकास में खिलौनों का महत्व समझाते हुए मोदी जी कहते हैं कि गुरुवर रवीन्द्र नाथ ठाकुर कहते थे कि ÷सबसे अच्छा खिलौना वो है जो अधूरा हो और जिसको बच्चे अपनी क्रिएटिविटी से पूरा करें। परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों पर परीक्षा का एक दबाव रहता है। इस दबाव का परिणाम होता है कि असफलता के भय से अनेक छात्र आत्महत्या करते हैं। प्रसन्न मन से तैयारी कैसे करें, परीक्षा के दिनों में अभिभावकों का कैसा व्यवहार हो, यह समझाने में मोदी जी ने सफलता प्राप्त की है।

## राशिफल

शुभ संवत 2078, शाके 1943, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि नवमीं, शनिवासरे, अश्लेषा नक्षत्रें, शुक्ल योगे, गरकरणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा रात्रि 9/43 तक उग्रकर्म, सूती स्नान, पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल तथा स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम व्यापारी, लेखक, कवि, वक्ता होगा।

मेष राशि :- समय में विडम्बनापूर्ण योजनाएं फलीभूत हों, परंतु लाभ से आप वंचित रहेंगे।

वृष राशि :- व्यावसायिक तनाव तथा विवाद से कष्ट होगा, मानसिक अशांति, कष्टप्रद होगी।

मिथुन राशि :- समय की अनुकूलता से लाभांवित हों, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, समय का ध्यान रखें।

कर्क राशि :- सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा एवं धन का लाभ तथा उच्च कार्य अवश्य बनेंगे।

सिंह राशि :- विरोधियों के तनाव से बचें तथा झूठे आश्वासन अवश्य प्राप्त होंगे, ध्यान अवश्य रखें।

कन्या राशि :- अशुद्ध गोचर रहने से विरोध होगा, कार्य स्थगित रखें, व्यर्थ यात्रा से हानि होगी।

तुला राशि :- मानसिक क्लेश व अशांति व आरोप, मनोवृत्ति संवेदनशील बनी रहे, रुके कार्य बना लें।

वृश्चिक राशि :- कुटुम्ब में क्लेश व अशांति विभ्रम व असमंजस की स्थिति अवश्य ही होगी।

धनु राशि :- समय की अनुकूलता से लाभांवित होंगे, कल्याणकारी योजना अवश्य ही बनेगी।

मकर राशि :- पुरानी योजना अवश्य ही फलप्रद होगी, समय की अनुकूलता का लाभ लेवें।

कुम्भ राशि :- दैनिक समृद्धि के साधन जुटायें, तनाव, क्लेश व अशांति के वातावरण से बचेंगे।

मीन राशि :- अधिकारियों का समर्थन मिले, कार्य-व्यावसाय गति अवश्य ही बन जायेगी।

# देश की इज़्ज़त बढ़ाई थी इंदिरा ने!

**लेखक- डा0श्रीगोपालनारसन एडवोकेट**

इन्दिरा गांधी ने कभी अपनी जान की परवाह नही की। उनके जीवन का आखिरी सम्बोधन भी यही रहा कि मेरे खून का एक एक कतरा देश के लिए काम आए और सच में उन्होने अपने शरीर का एक एक कतरा देश पर न्योछावर करके दिखाया।आयरन लेडी के नाम से मशहूर इन्दिरा गांधी ने प्रधानमन्त्री के रूप में देश की सेवा करते हुए भारत को न सिर्फ दुनियाभर में पहचान दिलाई बल्कि दुनिया को अपनी व देश की ताकत का लोहा भी मनवाया। बचपन में आजादी की लडाई के दौरान बाल वानर सेना

खडी कर अंग्रेजो को चुनौती देने वाली इन्दिरा बाल्यवस्था से ही देश पर न्योछावर होने को आतुर थी। अपने पिता पंडित जवाहर लाल नेहरू से राजनीतिक प्रशिक्षण प्राप्त कर एक परिपक्व नेता बनी इन्दिरा ने कभी पीछे मुडकर नही देखा और देश की एकता व अखण्डता के लिए सदैव आगे बढती चली गई।जीवन पर्यन्त राष्ट्र के प्रति समर्पित रही कडी मेहनत,पक्का इरादा,दूरदृष्टि जैसे जीवन सूत्र दुनिया को देने वाली इन्दिरा गांधी ने बीस सूत्री कार्यक्रम देश मे लागू कर गांव स्तर पर विकास का रास्ता तैयार किया। वे चाहती थी कि सबसे पहले गांव खुशहाल हो तो देश अपने आप खुशहाल हो जाएगा। उनकी सुदृड विदेश नीति की बदोलत भारत ने दुनियाभर के देशों के बीच अपनी खास पहचान बनाई। वही देश के अन्दर समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाने के लिए इन्दिरा गांधी हमेशा बेचैन रहती थी।गजब की फूर्तिली व देश तथा समाज के लिए हमेशा अच्छा सोचने वाली इन्दिरा गांधी ने दुनिया भर में भारत को नई पहचान देने का काम किया। उन्होने अपने रहते कभी तिरंगें को झुकने नही दिया और भारत का लौहा दुनिया भर में मनवाया। इन्दिरा गांधी देश के गरीबों की मसीहा थी जिन्होने जीवन पर्यन्त ग्राम स्तर के विकास कार्यक्रम चलाकर गरीबो को खुशहाल बनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की कौशिश की। उन्ही के द्वारा शुरू किये गए विकास कार्यक्रम आज भी गरीबोत्थान का आधार बने हुए है। जो हमेशा हमे इन्दिरा जी की याद दिलाते रहेगें।


इन्दिरा गांधी की अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर उनकी विशेष पकड होती थी। साधारण से साधारण कार्यकर्ता को नाम लेकर बुलाना और उन पर विश्वास करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा हुआ करता था। निर्णय लेने की जो क्षमता इन्दिरा गांधी में थी वह क्षमता आज किसी भी दूसरे नेता में देखने को नही मिलती।पाकिस्तान को धुल चटाकर बंगलादेश को जन्म देने वाली इन्दिरा गांधी के दुनियाभर



के देश इस कदर कायल थे कि उन्हे 165 देशो के संगठन का अध्यक्ष तक बना दिया था। भारत में ऐसा सम्मान आज तक कोई दूसरा नेता प्राप्त नही कर पाया है। इन्दिरा जी का लोहा उनके विरोधी भी मानते थे।आपात काल के मजबूरीवश लिए गए निर्णय से हुए नुकसान को दरकिनार कर दे तो इन्दिरा हमेंशा अपने लिए गए निर्णयों से फायदे में ही रही। सच यह भी है कि जो विकास प्रथम प्रधानमन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी के जमाने में हुआ, उतने विकास की कल्पना फिर कभी साकार नही हुई। कांग्रेस शासन काल में जब जब भी सत्ता की बागडोर नेहरू परिवार के बजाए किसी ओर के हाथों में आई तब तब ही कांग्रेस को विवादो मे धिसटना पडा। हांलाकि पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिहं स्वयं में एक सफल प्रधानमन्त्री रहे है लेकिन उन्हे अपने कई सहयोगी मन्त्रियो के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने के कारण परेशानी भी झेलनी पडी। वह तो कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी की सुझ बूझ से भ्रष्टो के प्रति कोई रियायत न बरतकर एक सही संकेत देने की कौशिश की गई वरना हालात और भी खराब हो जाते । ऐसे में इन्दिरा गांधी की याद हो आती है जिन्होने हमेशा सही वक्त पर सही निर्णय लेकर कांग्रेस को जिन्दा रखा और देश को भी नई सोच दी। उन्होने देश के लिए अपने खून का एक एक कतरा बहाकर यह साबित कर दिया था कि उनकी कथनी और करनी एक समान थी।इन्दिरा गांधी देश की सीमाओं के प्रति और अपने बहादुर सैनिको के हितो के प्रति हमेशा संवेदनशील रही। देश का विकास कैसे हो यह उनकी पहली सोच हुआ करती थी। साथ अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करना उन्हे बखूबी आता था। कांग्रेस के सत्ता में होते हुए वे कभी अपने कार्यकर्ताओं को सत्ता से जोडना नही भूलती थी। भले ही संजय गांधी की इन्दिरा गांधी के प्रधानमन्त्री पद पर रहते हुए खूब चली हो परन्तु उन्होने कभी भी संजय गांधी को सत्ता में भागीदार नही बनाया। हालाकि संजय गांधी ने देश में परिर्वतन की एक नई कौशिश की थी। जिसमें सीमित परिवार की सोच का उन्होने आगे बढाने का काम किया परन्तु कई जगह जबरन नसबन्दी की धटनाओं के कारण उन्हे विवादो का सामना करना पडा। बहरहाल इन्दिरा गांधी के प्रधानमन्त्री पद पर रहते हुए जो निर्णय हुए उनसे देश आगे बढा और देश को दुनियाभर में विकासशील देश के रूप में नई पहचान मिली। देश की सीमाओं की रक्षा और बंगलादेश के निर्माण के लिए इन्दिरा गांधी हमेशा याद की जाती रहेगी। वही बैंको का राष्ट्रीयकरण,पाकिस्तान को युद्ध में हराकर उसके धुटने टिकवा देने के लिए भी इन्दिरा गांधी को हमेशा याद किया जाएगा।जब इन्दिरा गांधी की नई दिल्ली में उन्ही के अगंरक्षको द्वारा शहादत की गई तो पूरा देश रो पडा था। इन्दिरा गांधी को बताते है आप्रेशन ब्लूस्टार के बाद अपने विरूद्ध रचे गए षडयन्त्र का आभास हो गया था परन्तु फिर भी उन्होने अपने अगंरक्षको पर से भरोसा नही खोया उनकी यही आखिरी भूल उनके लिए शहादत का कारण बन गई।देश के लिए बलिदान हुई इन्दिरा गांधी पर यह नारा आज भी सार्थक है कि जब तक सूरज चांद रहेगा इन्दिरा तेरा नाम रहेगा।

## (विचार मंथन)

# चीन की रणनीति



-सिद्वार्थ शंकर

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ विवाद अभी सुलझा भी नहीं है कि अब दूसरे इलाकों में भी वह अपनी गतिविधियों से तनाव पैदा कर रहा है। हाल में अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम से लगी सीमाओं पर चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियां चिंता पैदा करने वाली हैं। इन दोनों प्रदेशों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन ने सैन्य जमावड़ा बढ़ाना शुरू कर दिया है। हालांकि अरुणाचल प्रदेश में तो सीमा के पास पक्के निर्माण की तस्वीरें पिछले साल भी आई थीं। अब पता चल रहा है कि सिक्किम से लगी सीमा के पास भी ऐसा हो रहा है। सीमा के पास चीन की अचानक बढ़ी इस सक्रियता से यह तो स्पष्ट है कि वह अपने इन कदमों से भारत पर एक तरह का मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की रणनीति पर भी चल रहा है। हालांकि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारत अब पूरी तरह तैयार है। गलवान की घटना से सीख लेकर भारत ने भी सीमाई इलाकों में मजबूत मोर्चाबंदी की है और चीन की सक्रियता पर पैनी नजर है। लेकिन इस बात का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है कि लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक चीन के कदम कहीं नया विवाद खड़ा करने की दिशा में तो नहीं बढ़ रहे। अपनी रक्षा करने का अधिकार हर देश को है। भारत को भी है, और चीन को भी। इसलिए सीमा पर गश्त, सैनिकों की तैनाती जैसे कदम सामान्य बात होते हैं। पर चीन के साथ देखने में कुछ और ही आ रहा है। वास्तविक नियंत्रण के पास वह जिस तरह अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, उससे यह संकेत मिलता है कि वह किसी लंबी रणनीति के तहत ये सब कर रहा है। नहीं तो इस समय उसे ऐसी क्या जरूरत पड़ गई कि अचानक उन जगहों पर भी सैनिकों की तैनाती कर दी जहां पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने हिस्से में सैनिकों की गश्त का दायरा भी बढ़ा दिया। इसका नतीजा यह है कि उसके सैनिक अब भारतीय सीमा में भीतर तक घुसने लगे हैं। पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों का जो आमना-सामना हुआ था, वह चीनी सैनिकों के भारतीय क्षेत्र में घुस आने का ही नतीजा थी। पिछले साल गलवान घाटी में विवाद की शुरुआत भी इसी तरह हुई थी। गौरतलब है कि भारत-चीन के बीच दशकों पुराने सीमा विवाद का अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। सालों से हर स्तर पर वार्ताओं के दौर चलते रहे हैं, पर सब बेनतीजा। इसका मूल कारण है कि चीन विवादों के समाधान में नहीं, बल्कि उन्हें और उलझाने की रणनीति पर चलता आया है। इसलिए अब वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास उसकी बढ़ती गतिविधियां चिंता का विषय हैं। सिक्किम में भी सीमा के पास सैनिकों के लिए स्थायी परिसर, हेलिपैड, हथियारों के भंडार केंद्र जैसे निर्माण बता रहे हैं कि वह पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थिति मजबूत कर रहा है। भारत के लिए यह इलाका सामरिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। चीन के आक्रामक रुख को देखते हुए यह खतरा को हमेशा बना रहता है कि वह कहीं और घुसपैठ कर विवादों की कड़ी में एक और विवाद न जोड़ दे। यह भी कम हैरानी की बात नहीं है कि जिन देशों से उसके सीमा विवाद हैं, उनके साथ कारोबारी रिश्ते भी हैं। इसलिए सीमा विवाद खड़े करने, सीमाओं पर सैन्य जमावड़ा बढ़ा कर तनाव पैदा करने के बजाय चीन को यह सोचने की जरूरत है कि पड़ोसियों के साथ विवाद कैसे सुलझें, जिससे क्षेत्र में शांति और सदभाव की बयार बह सके। अब चीन जिस तरह का रुख दिखा रहा है, उससे स्पष्ट है कि उसके लिए इन वार्ताओं और प्रतिबद्धताओं का कोई मतलब नहीं रह गया है। उल्टे उसने विवादित स्थलों से सैनिकों को हटाने के बारे में भारत पर हालात का गलत आकलन करने की तोहमत जड़ दी। ऐसे में यह कैसे माना जाए कि वह विवाद खत्म करने के लिए गंभीरता दिखा रहा है? पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी की घटना चीन की साजिश का नतीजा थी। चीनी सैनिकों ने भारत के सैनिकों पर हमला कर दिया था और फिर कई जगह घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था।

# कांग्रेस में नई उम्मीद जगाती कन्हैया की विशेष संवाद शैली

**लेखिका- निर्मल रानी**

बिहार के दरभंगा ज़िले के कुशेश?वरस?थान तथा मुंगेर ज़िले की तारापुर विधानसभा सीटों पर आगामी 30 अक्टूबर को उपचुनाव होने जा रहे हैं। यही वह दो सीटें हैं जो बिहार में कांग्रेस व राष्ट्रीय जनता दल का गठबंधन टूटने का कारण बनीं । कांग्रेस का आरोप है कि राजद ने कांग्रेस पार्टी से सलाह किये बिना इन दोनों ही सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये जोकि गठबंधन धर्म के विरुद्ध था। विगत आम विधानसभा चुनाव में तारापुर में आरजेडी का प्रत्याशी दूसरे नंबर पर था जबकि कुशेश्वरस्थान से कांग्रेस का प्रत्याशी दूसरे स्थान पर था। इसी आधार पर कुशेश्वरस्थान सीट पर कांग्रेस की अपनी दावेदारी थी परन्तु राजद ने कांग्रेस से विमर्श किये बिना दोनों ही सीटों से अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये नतीजतन कांग्रेस-राजद गठबंधन टूट गया। उधर राजद के बाद कांग्रेस ने भी दोनों ही सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान उतार कर चुनावी संघर्ष को और भी दिलचस्प बना दिया है। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस ने जिन युवाओं को स्टार प्रचारक के रूप में ज़िम्मेदारी सौंपी है तथा जिनकी राजनैतिक सूझ बूझ व कौशल पर भरोसा किया है वे हैं कन्हैया कुमार,जिग्नेश मेवानी और हार्दिक पटेल।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद गत 22 अक्टूबर को पहली बार कन्हैया कुमार, जिग्नेश मेवानी और हार्दिक पटेल के साथ पटना स्थित ऐतिहासिक राज्य कांग्रेस मुख्यालय भवन सदाक़त आश्रम पहुंचे। यहाँ न केवल भारी संख्या में आये कांग्रेसजनों ने इन युवा नेताओं का भरपूर जोश व उत्साह से स्वागत किया बल्कि उनके समक्ष विभिन्न दलों से आये के अनेक नेताओं ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदाक़त आश्रम में हाज़िरी लगाने के बाद इन युवा नेताओं ने कुशेश?वरस?थान तथा तारापुर विधानसभा सीटों के चुनाव प्रचार की कमान संभाली। इन दोनों सीटों पर चुनाव परिणाम क्या होंगे इसका फ़ैसला तो दो नवंबर को होगा परन्तु कन्हैया कुमार की विशेष संवाद शैली और जनमानस को झकझोर कर रख देने वाली उनकी भाषण कला ने इन दोनों ही सीटों पर कांग्रेस की ज़बरदस्त उपस्थिति ज़रूर दर्ज करा दी है। कन्हैया को सुनने के लिये उपचुनाव की नुक्कड़ सभाएं, बड़ी सभाओं में बदल गयीं और कन्हैया द्वारा जनता के बीच रखे जा रहे सवालों व बात करने के उनके दो टूक अंदाज़ के चलते मतदाताओं का ज़बरदस्त आकर्षण कांग्रेस की ओर तेज़ी से बढ़ा है।

पैरों में हवाई चप्पल तथा आज के युवाओं के फ़ैशन के मुताबिक़ साधारण पैंट शर्ट पहने हुए जब वे बिहार के युवाओं से ठेठ बिहारी,मैथली व भोजपुरी भाषा में रूबरू होकर उन्हें उनकी वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मावलोकन की सीख देते हैं तो युवाओं में जोश पैदा हो जाता है। युवाओं के जोश व वरिष्ठ लोगों के होश एवं अनुभव के साथ जब वे बिहार में क्रन्तिकारी परिवर्तन लाने का आह्वान करते हुए जब वे बिहार को पर्यटन व उद्योग सहित अनेक क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिये जनता साथ मांगते हैं तो बिहार की जनता एक नवोदित बिहारी युवा होने के नाते उन पर भरोसा करती नज़र आती है। निश्चित रूप से यह कन्हैया कुमार की युवाओं में बढ़ती लोकप्रियता का ही परिणाम था कि कन्हैया के कांग्रेस में शामिल होने के बाद तेजस्वी व चिराग़ पासवान जैसे क्षेत्रीय युवा क्षत्रप भी असहज दिखाई दिये। क्योंकि कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय राजनैतिक दल को जहाँ बिहार में एक बड़ा युवा चेहरा मिल चुका है वहीं कन्हैया जैसे युवा आइकॉन बन चुके मुखर सत्ता आलोचक को भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने व अपने विचारों को देश के कोने कोने में पहुँचाने का कांग्रेस रुपी एक बड़ा प्लेटफ़ॉर्म मिल गया जो उनकी पूर्ववर्ती पार्टी अपनी अति सीमित संगठनात्मक क्षमता के कारण उन्हें नहीं दे पा रही थी।



स्वभावतः प्रायः सांप्रदायिक सद्भाव आधारित बिहार राज्य से सांप्रदायिक शक्तियों के विस्तार को रोकने से लेकर जात-पात के भेदभाव मिटाने तक के प्रयासों के पक्ष में जब वे अपनी बात रखते हैं और बड़ी साफ़गोई से यह भी कहते सुनाई देते हैं कि बेशक मैं कांग्रेस पार्टी की तरफ़ से वोट मांगने ज़रूर आया हूँ परन्तु आप मेरे कहने से वोट न देना बल्कि जब आपको मेरी बातें,मेरा तर्क सही लगे और आपका विवेक आपकी आत्मा आपको आवाज़ दे, तभी कांग्रेस को वोट डालना,उनका यह अंदाज़ मतदाताओं में उनके प्रति और भी विश्वास जगाता है। उपचुनाव में फैलाये जा रहे धर्म निरपेक्ष मतों के विभाजन के तर्क को भी वे कांग्रेस के पक्ष में बखूबी बयान करते हैं। गाँधी-भगत-सिंह की जय के साथ जब वे जय भीम बोलते हैं उस समय जनता का आकर्षण कांग्रेस पार्टी में एक नया संचार पैदा करता है। आत्ममुग्धता व स्वप्रशंसा से दूर रहने वाले कन्हैया को इसी बिहार उपचुनाव की एक सभा में जब एक वक्ता ने % आजका भगत सिंह% कहकर मंच पर आमंत्रित किया उस समय माइक पकड़ते ही कन्हैया ने उनकी भगत सिंह से तुलना किये जाने पर घोर असहमति व आपत्ति जताई साथ यह भी कहा कि वे तो भगत सिंह के पैरों की धूल भी नहीं हैं। उनका यह अंदाज़ उन्हें एक विनम्र राजनीतिज्ञ के रूप में स्थापित करता है।

बिहार के नवनिर्माण में बिहार की जनता का साथ मांगने के साथ कन्हैया बिहार के उन सभी नौकरशाहों से भी सवाल करते हैं जिन्होंने राज्य से शिक्षा दीक्षा लेकर भले ही देश के लिये बहुत कुछ किया हो परन्तु वे उनसे यह भी पूछते हैं कि आख़िर अब तक उन्होंने अपने राज्य के लिये क्या किया ? हालांकि बिहार के विकास के लिये कांग्रेस को उसकी ज़िम्मेदारी से बचाने के लिये वे यह तर्क देते हैं कि गत तीन दशक से चूँकि कांग्रेस सत्ता से बाहर है इसलिये हर सवाल गत तीन दशक के सत्ताधारियों से ही किया जाना चाहिये। हालांकि मुख्यमंत्री नितीश कुमार महिलाओं को पंचायती राज में पचास प्रतिशत आरक्षण,लड़कियों को पढ़ाई हेतु साइकिल देने की योजना,शराबबंदी तथा अन्य विकास संबंधी योजनाओं के नाम पर वोट मांग रहे हैं। परन्तु यह भी अजीब इत्तेफ़ाक़ है कि उपचुनाव होने वाली तारापुर (मुंगेर )की सीट से जदयू नेता और नीतीश कैबिनेट में मात्र एक दिन के लिए शिक्षा मंत्री रहे मेवालाल चौधरी के निधन के चलते ख़ाली हुई है उनका निधन कोरोना संक्रमित होने के कारण हो गया था। इसीलिये कन्हैया उपचुनाव में यह कहते व जनता व नितीश सरकार से पूछते फिर रहे हैं कि जो सरकार अपने पूर्व मंत्री व अपने विधायक की कोरोना से व स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों के चलते रक्षा नहीं कर सकी वह सरकार भला आम जनता की रक्षा कैसे करेगी व आम जनता को स्वास्थ्य सुविधायें कैसे मुहैय्या करायेगी। इसमें कोई संदेह नहीं की कन्हैया की हाज़िर जवाबी व उनके विशेष बिंदास परन्तु आक्रामक संवाद शैली ने कांग्रेस में नई उम्मीद तो जगाई है साथ ही बिहार के युवाओं को भी कन्हैया के नेतृत्व में उम्मीद की किरण नज़र आने लगी है।

# सेक्टर स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य करें महिला बाल विकास एवं स्वास्थ विभाग का अमला : कलेक्टर

### कलेक्टर ने स्वास्थ एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में स्वास्थ एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार, बीएमओ, सीडीपीओ, सुपरवाईजर आदि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ विभाग को निर्देशित किया गया कि महिला बाल विकास के सेक्टरों पर दोनो विभागों के अमले के कर्मचारी आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समन्वय बनाकर कार्य कर दोनो विभागों के महिला एवं बच्चों हेतु चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो एवं उन्हें लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर पर स्वास्थ विभाग के सीएचओ एवं महिला बाल विकास के सुपरवाईजर संयुक्त दल के प्रभारी होंगे एवं नियमित उनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने महिला बाल विकास विभाग की योजना सीएम बाल आरोग्य, पीएम मातृ वंदना योजना, संपर्क एप आदि की समीक्षा कर योजनाओं में लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा स्वास्थ विभाग की समीक्षा के दौरान एएनसी, कम्युनिटी रेफ्फेरल आदि की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि सीएचओ अपना कार्य ठीक प्रकार से करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वास्थ विभाग के अमले को महिला बाल विकास विभाग अमले के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इससे अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

कलेक्टर ने कोविड वैक्सीन टीकाकरण की भी समीक्षा की इस दौरान यह सामने आया कि दूसरे टीके की ड्यू लिस्ट लगातार बढ़ रही है। इसको लेकर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दूसरे टीकाकरण हेतु भी लगातार अभियान चलाकर टीकाकरण किया जाए। इसमें स्वास्थ विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें। अभी तक भिण्ड जिले में 10 लाख 33 हजार 155 व्यक्तियों को कोविड वैक्सीन का पहला टीका एवं 3 लाख 41 हजार 180 व्यक्तियों को दूसरा टीका लग चुका है। इस प्रकार जिले में अब तक 13 लाख 74 हजार 335 व्यक्तियों को कोविड वैक्सीन का टीकाकरण हुआ है।

## गरीब की सेवा ही नारायण सेवा है : भूता



भिण्ड। कोंग्रेस नगर अध्यक्ष संजय भूता एवं उनके साथियो के द्वारा लोहपीटा समाज के गत दिवस बिजली विभाग के द्वारा लापरवाही के चलते हुए घटना में मृतको के बच्चो को कम्ब्लो का वितरण किया गया। और हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय भूता ने कहा हर गरीब और जरूरत मंद की सेवा करना ही हम सबका कर्तव्य है ये वास्तविक नारायण सेवा है। ईश्वर अगर किसी को सहायता करने योग्य बनाता हैं तो हमे ऐसे सेवा के अवसर को हमेशा उपयोग करना चाहिए। श्री भूता ने कहा कि कोंग्रेस हमेशा से आपके साथ है भविष्य में कोई भी आवश्यकता हो तो बेहिचक मुझसे संपर्क करे, आप सभी के सभी सरकारी दस्तावेज भी तुरंत बनवाये जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद वीरप्रकाश श्रीवास्तव, देशदीपक शर्मा रवि कुमार, लोहपीटा समाज की अध्यक्ष कमला देवी उपस्तिथ थी।

## 108 इमरजेंसी एंबुलेंस का जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों और आशा कार्यकर्ता को दी जानकारी

भिण्ड। शुक्रवार शाम 4:00 बजे स्वास्थ्य केंद्र मौ पर 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी



और उनके सहयोगी ईएमटी के द्वारा आस पास ग्रामीणों से आई हुई आशा कार्यकर्ता, एवं ग्रामीण जनों और स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के समक्ष 108 इमरजेंसी एंबुलेंस की विशेषताओं बारे में जानकारी दी गई,जिसने मिलने वाली दवाइयों और उपयोग में आने वाले उपकरणों के बारे में जानकारियां दी गई, साथ ही बताया गया कि किन परिस्थितियों में हम 108 इमरजेंसी एंबुलेंस का उपयोग कर सकते हैं साथ ही यह बताया गया कि यह एक जीवन रक्षक जनहित में जारी निशुल्क एक जीवनदायिनी योजना है किसी भी आपातकालीन स्थिति में, जैसे लड़ाई दंगा, मारपीट, जहरखुरानी, सड़क दुर्घटना, हार्टअटैक, ब्रेन हेमरेज यहां तक की डिलीवरी के समय महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए आप 108 पर फोन लगाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं किसी भी आपातकालीन स्थिति में आप इसका उपयोग कर सकते हैं।

## जामुना एवं बबेडी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न



भिण्ड । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के द्वारा भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम जामुना एवं ग्राम बबेडी जिला भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस शिविर में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जिला न्यायालय भिण्ड श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी एवं चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जिला न्यायालय भिण्ड अनुराग शर्मा के द्वारा वहाँ पर उपस्थित जनसमूह को विभिन्न उपयोगी विधिक जानकारियाँ एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन उपयोगी योजनाओं के साथ ही साथ निःशुल्क विधिक सहायता योजना, महिलाओं के अधिकारों मध्यस्थता योजना, लोक अदालत योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के संबंध में आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पैरालीगल वालेंटियर कृष्णसिंह एवं पान सिंह के साथ ग्राम पंचायत सचिव/सरपंच, ऑगनवाडी कार्यकर्ता के साथ ही अन्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान खाटूश्याम भजन संध्या का शहर में हुआ भव्य कार्यक्रम, झूमे भक्तगण

**-सदर विधायक संजीवसिंह कुशवाह ने श्याम बाबा खाटू की उतारी आरती**

भिण्ड। शहर के मेला ग्राउंड में गुरुवार शाम भगवान खाटूश्याम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व शहर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा के दौरान व्यापारियों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया और गुरुवार को खाटू वाले बाबा के भजन सुनने के लिए शहर से लेकर गांव से भक्तगण खींचे चले आये और मेला ग्राउंड खचाखच भर गया, स्थिति यह थी कि लोगों को पैर रखने तक की जगह नहीं बची फिर भी लोगों ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया। एक शाम खाटू वाले के नाम ''संगीतमय भजन संध्या'' कार्यक्रम में सदर विधायक संजीवसिंह कुशवाह ने खाटू श्याम बाबा की आरती उतार कर खनेता महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कार्यक्रम के अंत तक भजनों का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में पधारे कलाकरों एवं हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। मंच से अद्भुत दृश्यों कुछ झलकियां भी देखने को मिली, वहीं पुलिस प्रशासन ने भी पूरी व्यवस्था कर रखी थी मंच से लेकर ग्रांउड के चारों ओर पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से रातभर मौजूद रहा।

### रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट के संबंध में हाउसिंग बोर्ड की बैठक सम्पन्न



भिण्ड। क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह की उपस्थिति में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा भिण्ड जिले के इरीगेशन कॉलोनी में रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट के संबंध में हाउसिंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड के अधिकरी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा इरीगेशन कॉलोनी हेतु तैयार किए गए रिडेंसिफिक्केशन प्रोजेक्ट की जानकारी हाउजिंग बोर्ड के अधिकारियों से प्राप्त की गई। प्रोजेक्ट अंतर्गत इरीगेशन डिपार्टमेंट के ऑफिस का निर्माण इसके साथ विभिन्न तरीके के सरकारी आवास एवं अन्य किया जाने वाले निर्माण की जानकारी भी हाउसिंग बोर्ड के अधिकरियों द्वारा विधायक एवं कलेक्टर को दी गई।

### मानवता ग्रुप ने गरीब व असहाय बच्चों को वितरण किया टूथब्रश एवं स्वल्हार



भिण्ड। गरीब और असहायों को मानवता ग्रुप के मेहबरों ने झुग्गी-झोपडी में निवास करने वाले बच्चों को शुक्रवार को टूथब्रश वितरण किये गये, इसके साथ ही सभी बच्चों को स्वल्पहार भी कराया गया। एवं ग्रुप के सदस्यों ने सभी बच्चों को साफ-सफाई से रहने के फायदे भी बताये। इस अवसर पर बबलू सिंधी, तिलक सिंह भदौरिया, प्रभात राजावत, दीपक चावला, ओम जैन, वर्षा जैन, रानी जैन, पूजा जैन, छाया जामोर, तान्या राजावत, वर्षा चौधरी, पिंटू तिवारी, दिव्यम बालवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## शराब पीने के लिए युवक से मांगे रुपये न देने पर कर दी मारपीट

भिण्ड। शहर थाना क्षेत्र के नगर पालिका भिण्ड गेट के सामने एक युवक खड़ा हुआ था, इसी दौरान चार 6 से 7 लोगों ने रंगदारी के चलते शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद सभी ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विलास पुत्र वीरेन्द्रसिंह भदौरिया उम्र 30 वर्ष निवासी बीटीआई रोड महावीर ने बताया गुरुवार सुबह 10.45 बजे आरोपी छोटू भदौरिया निवासी डोंगरपुर दबोह, रिषभ भदौरिया, शिवम पंडित निवासी गांधी नगर भिण्ड, सौरभ शर्मा निवासी वीरेन्द्र नगर एवं अज्ञात 3 लोगों ने एकराय होकर शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद सभी ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बिरखडी को नोटिस जारी

भिण्ड । जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर ने पदीय कर्तव्यो का सही ढंग से निर्वहन नहीं किये जाने पर शासकीय हाईस्कूल बिरखडी विकास खण्ड गोहद के प्राचार्य एसके लोहिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब सप्रमाण सहित प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि क्यों न दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के लिए पत्र कलेक्टर भिण्ड को पत्र लिखा जावे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय हाईस्कूल बिरखडी का गोहद क्षेत्र के विधायक मेवाराम जाटव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में गाजर घास एवं अन्य खरपतवार खडी हुई पाई गई, जिस कारण बच्चों को एलर्जी आदि की बीमारी हो सकती है। प्रांगण में गाये बैठी पाई गई एवं गोबर आदि पडा हुआ मिला एवं स्कूल में साफ सफाई न होकर गंदगी पसरी हुई मिली। इससे यह प्रतीत होता है कि आपके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है।

## बिरखड़ी गांव से एक करोड़ कीमती गांजे के साथ युवक गिरफ्तार


### रौन एवं नयागांव थाना पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई



भिण्ड। भिण्ड जिले में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह निर्देशन में जिलेभर में ड्रग माफिया के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रौन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिरखड़ी गांव से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक करोड़ से अधिक कीमती गांजे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, मनप्रभावी अधिनियम 1985 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

रौन थाना प्रभारी निरीक्षक उदयभान सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की रात्रि में उन्हें विश्वनीय सूत्र से जानकारी मिली कि बिरखड़ी गांव में एक युवक गांजे बेचने की फिराक में पुरखाने की गुफा के पास चचाई रोड पर घूम रहा है। उन्होंने उक्त सूचना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया, तभी पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने नयागांव थाना प्रभारी हरजेन्द्र सिंह, साईबर सेल उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह और सत्यवीर यादव को तत्काल मौके पर कार्रवाई हेतु भेजा, साथ भी रौन थाना प्रभारी यादव भी मय बल के मौके पर पहुंचे, तो पुलिस को देखकर उक्त युवक भाग खड़ा हुआ। जिसे पुलिस टीम ने घेराबंद कर पकड़ लिया और तलाश के दौरान उसके कब्जे से एक 51 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उक्त गांज की कीमत लगभग एक करोड़ के लगभग बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम शिवम पुत्र सतीश भारद्वाज उम्र 20 साल निवासी ग्राम बिरखड़ी बताया है।

# महिला



## सुखी संसार

मैं तो तुम्हारी पसंद का ध्यान रखूंगी ही पर तुम भी रखना। गृहस्थी की गाड़ी दो पहियों से चलती है। वो भी सोच-समझ में समान होना चाहिए। जीवन में जितनी भी उलझनें होंगी उन्हें दोनों बाँटेंगे, जरूरत होने पर बच्चों से भी शेयर करेंगे। व मशविरा लेंगे। दोस्तों से (चाहे वे महिला हो या पुरुष) घर व ऑफिस के संबंध अपनी-अपनी जगह रहने देंगे। जरूरत होने पर हम दोनों इन संबंधों को बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

## ध्यान रखें



# रंगीन चप्लों से हुई राहें आसान

**फैशन** के इस दौर में युवा पहनावे के साथ खूबसूरत स्लीपर को भी तरजीह देने लगे हैं। बाजार में उपलब्ध विभिन्न डिजाइनों के ये स्लीपर युवाओं को बेहद लुभा रहे हैं। बरसात के मौसम में बाजार में उपलब्ध रंग-बिरंगे स्लीपर युवक-युवतियों के व्यक्तित्व को आकर्षक लुक प्रदान करने में खासे मददगार साबित हो रहे हैं। बाजार में स्लीपर विभिन्न डिजाईनों और रंगों में उपलब्ध है। फैशन के इस दौर में युवा इन दिनों युवा पहनावे के साथ-साथ खूबसूरत स्लीपर को भी तरजीह देने लगे हैं। बाजार में उपलब्ध विभिन्न रंगों और डिजाइनों के ये स्लीपर युवाओं को लुभा रहे हैं। युवा इन्हें ड्रेस के साथ मैचिंग कर पहनना पंसद कर रहे हैं। सूट, जींस, क्रैपी तथा अन्य हर प्रकार की ड्रेस के साथ यह स्लीपर पर्सनेलिटी को डिफरेंट लुक प्रदान करते हैं। युवाओं का कहना है कि खूबसूरत स्लीपर फैशन का एक अहम हिस्सा है। इसलिए यदि स्लीपर ड्रेस के साथ मैचिंग हो तो पैरों की खूबसूरती और भी बढ़ जाती है। बाजार में उपलब्ध ये स्लीपर पहनने में खासे आरामदायक भी है। बाजार में ये बहुत ही वाजिब दामों में उपलब्ध हैं।

एक समय था जब बाजार में केवल काले और भूरे रंगों के स्लीपर्स की मांग की जाती थी। लेकिन इन दिनों युवा वर्ग नीले, पीले, हरे काले लाल रंगों के अलावा भी विभिन्न रंगों के स्लीपर खरीदना पंसद कर रहे हैं। युवतियां ही नहीं बल्कि युवक भी रंग-बिरंगे स्लीपर्स को खासी तादाद में खरीदना पसंद कर रहे हैं। इन स्लीपर्स की खासियत है कि इन्हें घर व ऑफिस में पहनने के साथ-साथ अन्य मौकों पर भी पहना जा सकता है। जूतों के विक्रेता सोनू भाटिया का कहना है कि फैशन के मुताबिक युवा नए-नए डिजाइनों और रंगों के स्लीपर खरीदना पंसद कर रहे हैं। हिल और फ्लैट दोनों ही प्रकार के स्लीपर बाजार में उपलब्ध हैं। इसे ग्राहक अपनी पंसद के मुताबिक खरीद सकते हैं। इनकी कीमत 150 रुपयों से लेकर 450 रुपए तक है। सोनू ने बताया कि युवा इन दिनों ड्रेस के साथ मैचिंग करते हुए स्लीपर खरीदना ज्यादा पंसद करते हैं।



# बाल बनेंगे रेशमी

**काले** , घने व सिल्की बाल की तमन्ना हर लड़की की होती है। अगर आप भी ऐसे बालों की ख्वाहिश रखती हैं , तो इन टिप्स को फॉलो करें = आप अपने चेहरे की तरह ही बालों को भी चमकदार बनाने की सोच रही हैं , तो ऑलिव ऑयल ट्राई कर सकती हैं। इसके एक नहीं , बल्कि कई फायदे हैं। यही देखते हुए एक्सपर्ट्स ऑलिव ऑयल से ना सिर्फ खाना बनाने , बल्कि इसे बालों के लिए यूज करने की भी सलाह देते हैं। यहां आप इससे संबंधित कुछ ऐसे तरीके जान सकती हैं जिनसे आपके बाल शाइनी और सिल्की दिखेंगे। आप किसी बर्तन में आधा कप ऑलिव ऑयल डालें और इसे गर्म करें। ध्यान दें कि यह बहुत गर्म ना हो। इसे इतना गर्म करें कि आप अपनी अंगुलियां इसमें आराम से टच कर पाएं। इसे लगाने से पहले कंधे पर टावल रख लें। हथेली पर थोड़ा सा तेल लगाकर बालों की मसाज करें। इससे स्कान्प की मसाज भी करें। अगर ये ड्राई है तो और भी ध्यान दें। लेकिन अगर स्काल्प ऑयली है , तो इस पर ज्यादा तेल ना लगाएं। बालों की जड़ों से आधे इंच की दूरी से पहले तक ही तेल लगाएं। जड़ों को ऐसे ही छोड़ दें। उंगली के पोरवों से मसाज करेंगी , तो बालों की ग्रोथ अच्छी होगी। अब अपने बालों को एक गर्म किए टावल से बांध लें। आप गर्म पानी में तौलिया भिगाकर इसे गिला कर सकती हैं। इससे इन्हें स्टीम मिलेगी और तेल अंदर तक जाएगा।

# फैशन में पहनावे का रूतबा



अपने वॉर्डरोब में एक काली पेंट ट्राउज़र हमेशा रखें। इस पहनावे के साथ हाथ घड़ी, सिंपल लैदर पर्स या वॉलेट, सिंपल सा पेंडेंट और अच्छे जूते या सैंडिल जैसी एक्सेसरीज़ सूट करेंगी। जहां तक बात शर्ट या टॉप की है, इसके लिए आप सादा कॉटन, सादा फ्लोरल प्रिंट, लाइनिंग या चेक्स प्रयोग में लाएं।

**महिलाओं** के मामले में दुनिया काफी तेजी से बदल रही है। इसलिए महिलाओं में अब पावर ड्रेसिंग का जमाना है। पावर ड्रेसिंग वह स्टाइल है, जिसमें महिलाएं अपनी पर्सनेलिटी को पूरी दृढ़ता के साथ प्रदर्शित कर पाती हैं। फिर चाहे पहनावा साड़ी हो या फिर शर्ट-ट्राउज़र। इसके उदाहरण के तौर पर आप शिल्पा शेट्टी, सोनम कपूर, फ्रिडा पिंटो से लेकर मिशेल ओबामा, चंदा कोचर, इंदिरा नुई, सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी जैसी सेलिब्रिटीज को देख सकते हैं। इनके पहनावे में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि सादगी, आत्मविश्वास तथा दृढ़ता भी झलकती है। आप भी पावर ड्रेसिंग को अपना सकती हैं। आइए, जानते हैं कैसे।

कार्पोरेट कल्चर के चलते आजकल पेंट-शर्ट-ट्राउजर या इसी तरह के परिधान महिलाओं की पहली पसंद बन गए हैं। एक तो ये आरामदायक होते हैं, दूसरे आपको एक अलग लुक भी देते हैं। अगर आप इसे अपनाना चाहती हैं तो आजकल %हाईवेस्ट% तथा %प्लीट्स% वाली ट्राउजर्स फैशन में हैं। अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो आप एंकल फिट तथा फ्लैट फॉल वाले ट्राउजर अपनाएं और नेवी ब्ल्यू, डार्क ब्राउन, डार्क ग्रीन, पर्पल आदि गहरे रंगों को प्राथमिकता दें। पियर शेप बॉडी के लिए (जिनका शरीर कमर और पैरों की ओर ज्यादा वजनी हो) बेलबॉटम अच्छा विकल्प होंगे। यदि आप संतुलित वजन वाली या दुबली हैं तो सफेद, क्रीम आदि रंगों का भी प्रयोग कर सकती हैं। हां, अपने वॉर्डरोब में एक ब्लैक ट्राउज़र हमेशा रखें। इस पहनावे के साथ हाथ घड़ी, सिंपल लैदर पर्स या वॉलेट, सिंपल सा पेंडेंट और अच्छे शूज या सैंडिल जैसी एक्सेसरीज़ सूट करेंगी। जहां तक बात शर्ट या टॉप की है, इसके लिए आप प्लेन कॉटन, सिंपल फ्लोरल प्रिंट, लाइनिंग या सेल्फ चेक्स प्रयोग में लाएं। रंगों में पेस्टल या हल्के गुलाबी, पर्पल, सी ग्रीन या ब्ल्यू जैसे रंगों का प्रयोग किया जा सकता है। छोटी फ्लोरल प्रिंट या हल्के रंग में पोल्का डॉट्स भी पहने जा सकते हैं। अगर आप वेस्टर्न आउटफिट ही अपनाना चाहें तो उसके साथ एक शानदार प्रिंटेड सिल्क स्कार्फ को भी इस पावर ड्रेसिंग का हिस्सा बनाइए। साथ ही एक अच्छी फिटिंग वाली जैकेट या कोट भी अच्छा विकल्प है। भारतीय पारंपरिक परिधान साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे अनगिनत तरीकों से पहना जाता है। किसी उत्सव से लेकर दफ्तर तक में आप साड़ी पहनकर छा सकती हैं, बशर्ते, आपको इसे अच्छी तरह कैरी करना आता हो और आप इसे सही तरीके से पहन सकें। कामकाजी महिलाओं के लिए कॉटन या जॉर्जेट साड़ी एक बहुत अच्छी च्वॉइस है। इसमें भी बड़े फ्लोरल प्रिंट्स, ज्यॉमेट्रिकल प्रिंट्स तथा लाइनिंग जैसे डिजाइन आपको अलग तरह से परिभाषित करेंगे। ऑफिस में हमेशा पल्ला पिनअप करके ही पहनें, ताकि काम करने में असुविधा न हो। पार्टी के लिए आप सिल्क तथा शिफॉन का भी प्रयोग कर सकती हैं।

हां, दफ्तर में अगर सिंपल ब्रेसलेट, एक एंटिक नेकलेस, वुडन कड़ा या बैंगल, रिस्ट वॉच तथा लैदर बैग इसके साथ मैच करेंगे तो पार्टी में आप चाँदी की विंटेज ज्वेलरी, थोड़ी डिजाइन वाली सैंडिल, प्लेटफॉर्म हील, कुंदन तथा मोती के हल्के गहने आदि पहन सकती हैं। दिन में कार्यस्थल पर पेस्टल या लाइट कलर्स चुनें और रात में पार्टीज आदि के लिए डार्क कलर्स का चुनाव करें। इनके साथ ब्लाउज की मैचिंग का हमेशा ध्यान रखें। करीने से पहना गया एक सिंपल ब्लाउज भी आपको ग्लैमरस लुक दे सकता है। पावर ड्रेसिंग में मेकअप का भी ध्यान रखें।

ऑफिस में सिंपल और नैचुरल लुक को प्राथमिकता दें और पार्टीज में थोड़ा-सा लाउड मेकअप करें, लेकिन ध्यान रहे कि मेकअप आपको सूट करने वाला हो। कुल मिलाकर पावर ड्रेसिंग आपकी शख्सियत को और उभारने का काम करती है। इसके लिए यह कतई जरूरी नहीं कि आप बहुत महंगे परिधान या एक्सेसरीज ही पहनें। मुख्यत: आपका पहनावा आपके लिए आरामदायक और आपके आत्मविश्वास को दर्शाने वाला होना चाहिए।

## निष्कर्ष



# ज्यादा मजबूत होती हैं महिलाएं

**पुरुष** समाज में महिलाओं को हमेशा से कमजोर माना जाता रहा है, लेकिन हाल ही में आई एक रिसर्च में बताया गया है कि महिलाओं का इम्यून सिस्टम पुरुषों के मुकाबले ज्यादा स्ट्रॉन्ग होता है।

महिलाओं को %बेचारी% का तमगा देने में कतई देर नहीं लगाई जाती। खासकर हेल्थ के मामले में तो उन्हें हमेशा ही पुरुषों से कमतर माना जाता है, लेकिन क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने अपनी रिसर्च में इस गलतफहमी को दूर कर दिया है। उन्होंने अपनी रिसर्च में पता लगाया है कि पुरुषों का जुकाम महिलाओं के मुकाबले ज्यादा खतरनाक होता है। क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रफेसर जॉन उपहम और उनकी पांच मेंबर्स की टीम ने अपनी रिसर्च में पता लगाया कि महिलाओं का इम्यून सिस्टम पुरुषों के मुकाबले ज्यादा स्ट्रॉन्ग होता है। और यही वजह है कि तमाम बीमारियां महिलाओं से दूर रहती हैं।

प्रफेसर जॉन और उनकी टीम ने रिसर्च में यह पता लगाने की कोशिश की कि कॉमन कोल्ड के लिए जिम्मेदार रायनोवायरस से मुकाबले के लिए अलग-अलग जेंडर का इम्यून सिस्टम कैसे रिएक्ट करता है? क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी और प्रिंसेस एलेक्जेंड्रा हॉस्पिटल के रिसर्चर्स ने अपनी स्टडी में पता लगाया कि रायनोवायरस का अटैक होते ही सबसे ज्यादा नुकसान अस्थमा के मरीज को होता है और वे हॉस्पिटल पहुंच जाते हैं। इस प्रोसेस में रिसर्चर्स ने 50 साल से कम उम्र के हेल्दी मेल और फीमेल पर अलग-अलग नजर रखी और उन पर कोल्ड वायरस का असर जांचा। प्रफेसर जॉन ने बताया, %इस रिसर्च से हमें पता लगा है कि फीमेल हॉर्मोन्स से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसलिए हम कोशिश कर रहे हैं कि इसका फायदा उठाने के लिए कोई वैक्सीन डिवेलप की जा सके।



# अपने घर को बनाएं नया

**घर** को सुंदर बनाना तो सभी चाहते हैं, लेकिन हर बार एक नए बदलाव के लिए पुराने फर्नीचर या दूसरे आइटम्स को बदलना भी ठीक नहीं है। अगर आप बजट में अपने घर को नया लुक देना चाहते हैं, तो इन पर गौर करें। कन्टेम्परी डेकोरेशन का पहला रूल है कि लाइटन अप! घर को सुंदर दिखाने के लिए यह कतई भी जरूरी नहीं कि पुराने फर्नीचर को आप घर से बाहर फेंक दें या दूसरी डेकोरेटिव आइटम्स को बदलने की सोचें। इसी बजाय कई दूसरे तरीके हैं, जिनसे एक अच्छा बदलाव लाया जा सकता है। वहीं, ये बदलाव सीजन के मुताबिक करें, तो ज्यादा अच्छा रहेगा। आप डार्क एक्सेसरीज यूज करें। वेल्वेट पिलो, डार्क लेदर क्लब चेअर जैसी एक्सेसरीज यूज कर सकती हैं, लेकिन इन्हें चेंज करते समय मौसम का ध्यान जरूर रखें।

**फ्रेश लुक के लिए:** एक कैजुअल डेकोर से घर का लुक फ्रेश लगता है। हैवी पीसेज की बजाय विकर, आयरन या पेंटेड वाइट गार्डन फर्नीचर जैसी चीजें लगा सकते हैं। कलरफुल पिलोज और सुंदर से कर्टेन लगाएं। इनसे से एक ओपन और कूल लुक मिलेगा। वाइट कलर काफी खूबसूरत लगता है, लेकिन आप इनमें सिटरस व दूसरे हल्के रंग चूज कर सकते हैं। शांति और ठंडक चाहते हैं, तो वाइट के अलावा आलमंड, डस्की ब्लू, कॉर्न सिल्की येलो जैसे रंग सचमुच एक सुखद माहौल बना देंगे। टेबल के स्मूद फैब्रिक का यूज करें। पिलो कवर और बेड कवर में एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। एम्ब्रॉयडरी वाला फैब्रिक भी कुछ हटकर लगेगा।

**बाहर की खूबसूरती :** घर के अंदर के साथ-साथ बाहर की खूबसूरती का ध्यान भी खासतौर पर रखें। अगर बाहर लगे प्लांट्स बेकार हो गए हैं या उन्हें काफी नर्सिंग की जरूरत है, तो उनकी बजाय कुछ नए और हेल्दी प्लांट्स लगाएं, जिनमें खुशबू महकते फूल भी लगते हों। इनमें आप अपने पसंदीदा प्लांट्स खरीद सकते हैं। फूलों को सजाने के लिए एक रंग-बिरंगा सिरैमिक जग या एक अच्छा सा ग्लास वेस लें। अपने गेस्ट रूम या बेड रूम में फ्रेश फ्लावर लगाएं।

**खुशबू की महक :** आपके घर में घुसते ही भीनी - भीनी खूशबू हर किसी का दिल मोह लेती है और आपके घर की तारीफ भी होती है। इसे महसूस कर वह आपके घर के बारे में कई अंदाजे लगा सकता है। ध्यान रखिए ना सिर्फ गेस्ट के लिए , बल्कि आपके खुद के लिए भी ये एक अच्छा एहसास होता है। आप अपने घर के लिए एक अलग ही अरोमा बना सकते हैं यानी घर में एक मीठी - सी सुगंध का एहसास होगा। आप पोटपुरी घर पर ही बना सकते हैं। इसे अपने बेडरूम या बाथरूम में लगा सकते हैं। ये एक अलग ही मूड बना देगा। आप पोटपुरी बनाने के लिए बाजार से भी आइटम्स खरीद सकते हैं। इसके लिए आपको कई तरह के फ्रूट्स और स्पाइस मिलेंगे। इनके कॉम्बिनेशन से आप एक बेस्ट फ्रेगरेंस बना सकते हैं।

**रसोई हो चकाचक :** घर के साथ ही किचन को भी डिफरेंट लुक दें। एक अच्छी किचन चिमनी में इनवेस्ट करना बेहतर होगा। ये रसोई की हीट और स्मोक को घर से दूर रखेगी। वेंटिलेशन के लिहाज से वुडन पार्टीशन की जगह स्टील पार्टीशन सही रहेगा।

# सर्दियों में त्वचा का ख्याल

धूप में बैठने से पहले सनब्लॉक क्रीम या कोई तैलीय पदार्थ लगा लें। नारियल के तेल से त्वचा की मालिश करें। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह सही तरीके से होता है और त्वचा मुलायम एवं चमकीली बनती है। प्रतिदिन मालिश करने से अनावश्यक मोटापा भी कम होता है और सर्दी भी नहीं लगती है।

**सर्दियों** का मौसम दस्तक देने वाला है। मौसम के आक्रमण से पहले आपको अपना ख्याल रखना होगा। घरेलू उपायों के जरिए आप मौसम की मार से बहुत सरलता से निपट सकते हैं। साबुन का कम से कम प्रयोग करें क्योंकि साबुन से त्वचा की शुष्कता और बढ़ जाती है। त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखने के लिए साबुन का प्रयोग कम करना आवश्यक है। मौसम सर्दी का हो या गर्मी का साधारण गुनगुने पानी से नहाना ही लाभदायक रहता है। इससे त्वचा की रंगत बनी रहती है और सर्दी-जुकाम भी नहीं होता है। बहुत ठंडा पानी सर्दी के मौसम में उपयुक्त नहीं रहता है। गुनगुना पानी सही रहता है।

अधिक गर्म पानी से न नहाएं। यह त्वचा के लिए हानिकारक होता है और दिनभर ठंड भी लगती रहती है। जाड़े का मौसम में नहाने के बाद नारियल के तेल से त्वचा की मालिश करें। इससे त्वचा की कोमलता बनी रहती है। सर्दी के मौसम में धूप अच्छी लगती है। धूप का आनंद लें लेकिन सीधे धूप में न बैठें क्योंकि सूर्य की तेज किरणें त्वचा रोग उत्पन्न करती हैं। धूप में बैठने से पहले सनब्लॉक क्रीम या कोई तैलीय पदार्थ लगा लें। नारियल के तेल से त्वचा की मालिश करें। इससे शरीर में रक्त का प्रवाह सही तरीके से होता है और त्वचा मुलायम एवं चमकीली बनती है। प्रतिदिन मालिश करने से अनावश्यक मोटापा भी कम होता है और सर्दी भी नहीं लगती है। तेल से त्वचा की मालिश करने के बाद बीस मिनट तक धूप लेना अच्छा रहता है।



# किसान आश्वस्त रहें, हम पूरी ताकत से खाद की व्यवस्था में लगे हैं - मुख्यमंत्री श्री चौहान

### हमें भारत सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है

**किसान चिंता न करें-धैर्य रखें**

**31 अक्टूबर तक प्रदेश को मिलेंगी खाद की 32 रैक**

**केन्द्रीय उर्वरक मंत्री श्री मांडविया से मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की फोन पर चर्चा**

**नवम्बर माह में 6 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 6 लाख मीट्रिक टन डी.ए.पी. रहेगा उपलब्ध**

**कंट्रोल रूम 24 | 7 कर रहे हैं खाद की स्थिति की मॉनीटरिंग**

**जो जरूरत से अधिक खाद खरीद रहे, उन पर रखी जा रही है नजर**

**खाद की कालाबाजारी करने वालों को रासुका में जेल भेजा जाएगा**




**भोपाल /** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसान आश्वस्त रहें, हम पूरी ताकत से खाद की व्यवस्था में लगे हैं और इसमें हमें भारत सरकार का पूरा सहयोग भी मिल रहा है। चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, बस धैर्य रखें यह मेरा निवेदन है। कल मैंने किसान भाइयों को कहा था कि 31 अक्टूबर तक प्रदेश में 31 रैक आएगी। अब 31 की बजाय 32 रैक प्रदेश में आ रही हैं। मैं लगातार भारत सरकार के संपर्क में हूँ। आज भी आपूर्ति के संबंध में मैंने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मनसुख मांडविया से फोन पर चर्चा की है। उन्होंने नवंबर के लिए आश्वस्त किया है कि मध्यप्रदेश को आवश्यकता अनुसार यूरिया और डी.ए.पी. उपलब्ध कराया जाएगा। किसान भाइयों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास से प्रदेश में खाद की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अजीत केसरी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समीक्षा के उपरांत मीडिया को जारी संदेश में यह बात कही।

बैठक में जानकारी दी गई कि केन्द्र द्वारा नवम्बर माह के लिए 6 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 6 लाख मीट्रिक टन डी.ए.पी. की प्रदेश को आपूर्ति की जाएगी। अतः प्रदेश में खाद की कमी की स्थिति नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसान भाई खाद की कमी की मानसिकता को छोड़ें। इसके परिणामस्वरूप अधिक खाद खरीदने की प्रवृत्ति बनती है। केन्द्र सरकार द्वारा नवम्बर माह में पर्याप्त खाद की आपूर्ति की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कंट्रोल रूम बनाकर जिलों में खाद की आपूर्ति और न्यायपूर्ण वितरण की व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। जो जरूरत से अधिक खाद खरीद रहे हैं, उन पर नजर रखी जाए। कलेक्टर अपने स्तर पर लोगों को खाद की आपूर्ति और राज्य सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जागरूक करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि जो खाद की कालाबाजारी करेगा उसे रासुका में जेल भेजा जाएगा। खाद को ब्लैक में बेचने वालों को कुचल दिया जाएगा।



# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में नीम का पौधा रोपा

**भोपाल /** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में नीम का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने संकल्प के क्रम में प्रतिदिन एक पौधा लगाते हैं।

अगर आपके घर के सामने नीम का पेड़ है तो आप वाकई बहुत भाग्यशाली हैं। गर्मी में ठंडी हवा देने के साथ ही ये एक ऐसा पेड़ है जिसका हर हिस्सा किसी न किसी बीमारी के इलाज में कारगर है। एंटीबायोटिक तत्वों से भरपूर नीम को सर्वोच्च औषधि के रूप में जाना जाता है। नीम स्वाद में भले ही कड़वा हो, लेकिन इससे होने वाले लाभ अमृत के समान होते हैं। पर्यावरण की दृष्टि से भी नीम बहुत उपयोगी है।

# महाविद्यालय करेंगे विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर चयनित पाठ्यक्रमों के अध्यापन की व्यवस्था

**भोपाल /** प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा चयन किए गए किसी भी पाठ्यक्रम की अध्यापन व्यवस्था महाविद्यालय में सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार प्रदेश के समस्त महाविद्यालय स्थानीय आवश्यकताओं और रोजगार में उपलब्ध अवसरों को देखते हुए विभाग के पोर्टल पर प्रदर्शित 25 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में से न्यूनतम 2 पाठ्यक्रम का चयन कर उनके सुगम संचालन की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे।

अपर आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय द्वारा संचालित इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में से अपनी रुचि अनुसार किसी एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सकता है। विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यक्रम में से स्वयं की रूचि के व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध न होने की स्थिति में विद्यार्थी स्ढ्ढ्रूपोर्टल पर उपलब्ध सामान क्रेडिट या उससे अधिक क्रेडिट के व्यावसायिक पाठ्यक्रम का अध्ययन ऑनलाइन कर सकेंगे। इसके लिए विद्यार्थी को संबंधित महाविद्यालय के सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी।

SWAYAM पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम यदि निर्धारित क्रेडिट से अधिक क्रेडिट का है तो विद्यार्थी द्वारा अर्जित अतिरिक्त क्रेडिट को ग्रेड कार्ड में दर्शाया जाएगा। परंतु अतिरिक्त क्रेडिट को सीजीपीए की गणना में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पूर्व में चयनित मेजर, माइनर, वैकल्पिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम आदि को परिवर्तित करने का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। यह व्यवस्था महाविद्यालय स्तर पर पूर्णतया आंतरिक रहेगी। विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में विषय या संकाय परिवर्तन संबंधी कार्यवाही पूर्व निर्धारित नियमों के आधार पर 8 से 20 नवंबर 2021 तक पूर्ण किया जाना है।

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी डिग्री कोर्स के साथ महाविद्यालय में संचालित सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स का चयन कर सकेंगे। इन कोर्स के चयन के लिए आवेदन का प्रारूप विभाग के पोर्टल पर, नवीन निर्देश में, एमपी ऑनलाइन के पोर्टल द्दश्चह्ल1द्गह्य.द्वश्चशठ्ठ-द्यद्बठ्ठद्ग.द्दश्1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध होगा। साथ ही विद्यार्थी महाविद्यालय से भी आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सकेंगे। महाविद्यालय, पोर्टल पर सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स की जानकारी 3 नवंबर 2021 तक अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

# खंडवा-जोबट से मजदूरी करने गए मजदूर करेंगे उपचुनाव का फैसला

### -दोनों ही क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मजदूर है अपने-अपने गांव से बाहर

**भोपाल /** शनिवार को प्रदेश में एक लोकसभा और 3 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों की जीत के अपने आंकड़े हैं, लेकिन इन आंकड़ों और दोनों ही पार्टियों की मतदान को लेकर बनाई गई रणनीति को खंडवा और जोबट का मजदूर वर्ग प्रभावित कर सकता है। ये मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में अपने जिले से बाहर तो कई राजस्थान और गुजरात जैसे क्षेत्रों में पलायन कर जाते हैं।

जाहिर है मतदान के प्रतिशत पर तो प्रभाव पड़ेगा ही वहीं हो सकता है कि कांग्रेस और भाजपा का वोट बैंक भी गड़बड़ा जाए। इन मजदूरों को लेकर दोनों ही राजनीतिक दलों में चिंता है कि इनसे मतदान का प्रतिशत कम हो सकता है और कम हुआ प्रतिशत किसके पक्ष में जीत की संभावनाएं लाएगा, इस पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। चूंकि अभी रबी की फसलों की बोवनी शुरू हो गई है, इसलिए भी मजदूर वर्ग यहां नहीं है।

**खंडवा लोकसभा**

खंडवा लोकसभा में 8 विधानसभा हैं। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र हैं और निमाड़ी मजदूर इन दिनों काम करने के लिए बाहर गए हुए हैं। चाहे इंदौर की सीमा से लगे बड़वाह की बात कर ली जाए तो महाराष्ट्रबार्डर के नेपानगर की या फिर खंडवा के पास छैगांव और मूंदी की बात हो। हर जगह अधिकांश संख्या में मजदूर हैं और मजदूर पहले अपनी मजदूरी देखता है। खरगोन, भीकनगांव का मजदूर बड़ी संख्या में महाराष्ट्र और गुजरात में मजदूरी करने जाता है, वहीं आसपास के शहरों के ग्रामीण इलाकों में खेतों में काम करने और भवन निर्माण में भी बड़ी संख्या में यहां के मजदूर काम करने पहुंचते हैं।

**जोबट विधानसभा**

आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार के साधन कम होने के कारण यहां एक बड़ा वर्ग मजदूरी करने गुजरात की ओर जाता है तो बचे हुए लोग मालवा तक भी आते हैं। कहा जाता है कि आदिवासी वर्ग पूरे साल मजदूरी करने अपने घर से बाहर ही रहता है और घर में केवल बुजुर्ग रहते हैं। वे बसंत के मौसम में ही वापस लौटते हैं और इन्हीं दिनों में आदिवासियों में शादी-ब्याह होता है। भगोरिया का बड़ा पारंपरिक त्योहार भी इसी दौरान मनाया जाता है। बताते हैं कि आदिवासी दुनिया में कहीं भी हों, लेकिन वह भगोरिया मनाने अपने गांव जरूर पहुंचता है।

**60 प्रतिशत से अधिक मतदान पर भाजपा को फायदा**

मतदान का प्रतिशत तय करेगा कि इन सीटों पर किस दल का प्रत्याशी जीतेगा। वैसे माना जाता है कि मतदान का बढ़ा हुआ प्रतिशत सत्तारूढ़ पार्टी के विपक्ष में जाता है, लेकिन यहां माना जा रहा है कि 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ तो वह भाजपा के पक्ष में ही जाएगा।

**भाजपा का गणित**


भाजपा के बड़े नेताओं का गणित कुछ दूसरा ही कह रहा है। उनका कहना है कि अधिकांश मजदूर वर्ग कांग्रेस समर्थित है और वह कांग्रेस के पक्ष में ही वोट डालता है। अगर मजदूर यहां आता है तो जाहिर है वह कांग्रेस के पक्ष में ही वोट डालेगा और भाजपा के वोट बैंक पर असर पड़ेगा।

# अब होगी पंचायत चुनाव की तैयारी

**भोपाल /** उपचुनाव समाप्त होने के बाद अब पूरे प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों की आहट शुरू हो गई है। चुनाव आयोग अपने हिसाब से व्यवस्थएं कर रहा हैं, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्र की राजनीति में भीमाहौलबनने लगा है।

फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि त्रिस्तीय पंचायत चुनाव के लिए दिसम्बर या जनवरी का माह चुना जाएगा। इसको लेकर अभी चर्चा चल रही है, क्योंकि दिसम्बर में ठंड का जोर रहता है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रभावित होने की आशंका रहेगी, इसलिए हो सकता है जनवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में चुनाव कराए जाए। दूसरी ओर राज्य निवार्चन आयोग ने चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टरों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है, ताकि जैसे ही चुनाव की तारीख घोषित हो वैसे ही व्स्थाओं में ज्यादा समय न लगे। दूसरी ओर राजनीतिक दलों में चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। गांव की राजनीति के हिसाब से ये चुनाव महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं और गांव की पूरी राजनीति पंच-सरपंव, जनपद और जिला पंचायत के ईर्द-गिर्द ही होती है।

# अचानक दतिया पहुंचीं प्रियंका, मां पीतांबरा के दर पर मत्था टेका



**भोपाल /** दतिया में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को अचानक मां पीतांबरा के दर्शन करने दतिया पहुंचीं। करीब 1.30 बजे इनका काफिला मंदिर के सामने रुका। इसके बाद प्रियंका ने मां पीतांबरा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। पुलिस ने कई कांग्रेसियों को मंदिर के बाहर ही रोक दिया। वहीं प्रियंका के स्वागत के लिए पीतांबरा के बाहर 2 घंटे से कांग्रेस महिला मोर्चा की महिलाएं खड़ी हुई थीं, लेकिन वह सीधे ही एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गईं। दोपहर ढाई बजे वह विशेष विमान से लखनऊ के लिए रवाना हो गईं। जब प्रियंका गांधी मां पीतांबरा के दर्शन कर रही थीं, तभी पुलिस की धक्का-मुक्की में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी विश्राम गृह के सामने गिर पड़े। प्रियंका गांधी ललितपुर में किसान परिवार से मिलने आई हुई थीं। वहां से वह दतिया पहुंची थीं।

प्रियंका गांधी के आने से पहले जिला प्रशासन द्वारा मां पीतांबरा मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली गई थी। जगह-जगह सुरक्षाकर्मी तैनात थे। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर के अंदर सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा में तैनात पुलिस के आलाधिकारी मेटल डिटेक्टर आदि उपकरणों का उपयोग करते हुए मंदिर के प्रवेश द्वार पर और मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं को चेक किया गया। प्रियंका गांधी तकरीबन 2.30 बजे दतिया से विशेष विमान के द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो गईं।

**महिला मोर्चा की महिलाओं से नहीं मिलीं**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा दर्शन के बाद कांग्रेसियों से बात की। उसके बाद पीतांबरा मंदिर से एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान मंदिर के बाहर 2 घंटे से बड़ी संख्या में कांग्रेस महिला मोर्चा की महिलाएं स्वागत के लिए खड़ी हुई थीं, लेकिन प्रियंका गांधी उनसे मिले बिना ही रवाना हो गईं। प्रियंका के दतिया पहुंचते ही भारी संख्या में कांग्रेसी जमा हो गए थे, किंतु उन्हें बीच में नहीं घुसने दिया गया। इस दौरान जब मीडिया ने बातचीत करनी चाही तो उन्होंने कहा कि बाद में बात करेंगे। यदि आप आ सकते हो तो आइए। इसके बाद पुलिस ने मीडिया व अन्य कांग्रेस नेताओं सहित लोगों को रोक दिया।

**पुलिस और कांग्रेसियों के बीच हुई धक्का-मुक्की**

हवाई पट्टी पर अंदर जाने की कांग्रेसियों के लिए रोक थी। जब प्रियंका गांधी हवाई पट्टी के अंदर पहुंचीं तो कांग्रेसियों ने अंदर जाने के भरपूर प्रयास किए। इस बीच कांग्रेसी नेताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कुछ कांग्रेस नेता तो अंदर चल गए। वहीं कुछ कांग्रेसी नेता बाहर ही खड़े रह गए। जो लोग बाहर खड़े थे, जिनमें पुलिस को लेकर असंतोष रहा।

## पेंशनरों को आठ प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की मांग

**भोपाल /** अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वसंत पुरोहित एवं प्रदेश महामंत्री खुर्शीद सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पेंशनरों को भी आठ प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाए। उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों को आठ प्रतिशत मंहगाई भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, परन्तु साढ़े चार लाख पेंशनरों को महंगाई भत्ते की स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को भेजा गया है। धारा 49 की बध्यता वर्षो से पेंशनरों को कठिनाई हो रही है। इस धारा को शासन स्तर पर कब हटाया जाएगा, इसके लिए कोई भी बताने के लिए तैयार नहीं है। पेंशनरों को महंगाई भत्ता न मिलने पर भारी आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। पेंशनर महासंघ धारा 49 को हटाने के लिए उच्च न्यायालय जबलपुर में भी याचिका दायर कर न्याय की मांग करेगी।

# शिक्षकों को दीपावली की छुट्टियों में भी बच्चों को दो घंटे स्कूल बुलाकर पढ़ाना होगा

**भोपाल /** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इन दिनों राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे (एनएएस) का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसके लिए शिक्षकों और बच्चों को सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक लगाया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एनएसए के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। इसके लिए शिक्षकों और बच्चों को दीपावली की भी छुट्टी नहीं दी गई है। प्रदेश के कई जिलों के स्कूलों में दीपावली के अवकाश के दिनों में भी बच्चों को दो-तीन घंटे स्कूल बुलाकर पढ़ाई कराने के आदेश जारी हुए हैं। विभाग द्वारा 2 से 6 अक्टूबर तक शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। वहीं छतरपुर व भोपाल सहित कई जिलों में यह आदेश जारी किए गए हैं कि दीपावली के दिन चार नवंबर को छोड़कर दो, तीन, पांच और छह नवंबर को बच्चों को स्कूल में बुलाकर दो-तीन घंटे सर्वे के माध्यम के तहत तैयारी कराई जाए। वहीं राज्य शिक्षा केंद्र ने एनएएस को लेकर एक समय-सारिणी भी जारी की है। उसमें बच्चों के लिए लंच का समय नहीं दिया गया है। इससे प्रधानाध्यापक असमंजस में हैं कि बच्चों को लंच का समय कब दें। शिक्षक संगठनों ने इन दोनों आदेशों का विरोध किया है। वहीं इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस का कहना है कि कलेक्टर के आदेश पर एनएएस के संबंध में यह दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह सही आदेश है। भोपाल जिले के जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ने सभी शाला प्रभारियों को एक निर्देश जारी किए हैं कि 12 नवंबर को आयोजित होने वाले एनएएस-2021 में जिले एवं प्रदेश के बेहतर परिणाम के लिए विगत दो माह से शिक्षक तैयारी करवा रहे हैं, लेकिन सर्वे की तारीख से ठीक पहले ही दीपावली की छह दिन की छुट्टी होने से इस तैयारी की निरंतरता प्रभावित होगी।

# क्या है पुष्य नक्षत्र,गुरू,रवि को कौन सा बनता है योग

## दीपावली के पूर्व बना योग, क्या करें और क्या न करें

(आचार्य पं.नारायण दास वैष्णव)
503 ए सुदामा नगर महावीर गेट इंदौर म.प्र.
99267-48588

सनातन धर्म में व्रत,पूजन,हवन,अनुष्ठान,ज्योतिष,वास्तु,कर्मकांड का विशेष महत्व बतलाया गया है और सबमें वैज्ञानिक धार्मिक रहस्य छुपे हुये हैं। वैज्ञानिक जिन विषयों को लेकर आज की स्थिति में जानकारी देते हैं उन मामलों में करोडों बर्ष पूर्व हमारे ऋषि मुनियों ने पूरी प्रमाणिकता के साथ सबके सामने रख दिया था। ज्योतिष और नक्षत्र विज्ञान को लेकर इस समय हम चर्चा करने जा रहे है एक विशेष नक्षत्र की जिसको पुष्य नक्षत्र के रूप जाना पहचाना जाता है। पुष्य नक्षत्र का संयोग जिस भी वार के साथ होता है उसे उस वार से कहा जाता है। गुरु-पुष्य, शनि पुष्य और रवि पुष्य योग सबसे शुभ माना जाता है। दीपावली के पूर्व आने वाला पुष्य नक्षत्र विशेष होता है, क्योंकि यह मुहूर्त खासतौर से खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। इस नक्षत्र में कुछ कार्य करना और कुछ कार्य नहीं करना चाहिए। आओ जानते हैं इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी।





### पुष्य नक्षत्र में ये कार्य करना चाहिए-

1. पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण खरीदने का प्रचलन इसलिए हैं, क्योंकि इसे शुद्ध, पवित्र और अक्षय धातु के रूप में माना जाता है और पुष्य नक्षत्र पर इसकी खरीदी अत्यधिक शुभ होती है। सोना नहीं खरीद सकते हैं तो पीतल या चांदी खरीदे।

'2. इस नक्षत्र में वाहन, भवन, भूमि और बहीखाते खरीदना भी शुभ होता है।

3. इस दिन मंदिर निर्माण, घर निर्माण आदि काम भी प्रारंभ करना शुभ हैं।

4. इस दिन पूजा या उपवास करने से जीवन के हर एक क्षेत्र में सफलता की प्राप्ति होती है। सर्वप्रथम अपने घरों में सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय मां लक्ष्मी के सामने घी से दीपक जलाएं। किसी नए मंत्र की जाप की शुरुआत करें।

4. इस दिन दाल, खिचड़ी, चावल, बेसन, कड़ी, बूंदी की लड्डू आदि का सेवन भी किय जाता है और यथाशक्ति दान भी कर सकते हैं।

5. इस नक्षत्र में शिल्प, चित्रकला और पुस्तक खरीदना उत्तम माना जाता है।

6. इस दिन से नए कार्यों की शुरुआत करें, जैसे ज्ञान या विद्या आरम्भ करना, कुछ नया सीखना, दुकान खोलना, लेखक हैं तो कुछ नया लिखना आदि।

7. पुष्य नक्षत्र में दिव्य औषधियों को लाकर उनकी सिद्धि की जाती है।'

8. इस दिन कुंडली में विद्यमान दूषित सूर्य के दुष्प्रभाव को घटाया जा सकता है।

### पुष्य नक्षत्र में ये कार्य नहीं करना चाहिए-

1. मुहूर्त चिंतामणि नक्षत्र प्रकरण ग्रंथ के श्लोक 10 के अनुसार, पुष्य, पुनर्वसु और रोहिणी इन तीन नक्षत्रों में सधवा स्त्री नए स्वर्ण आभूषण और नए वस्त्र धारण नहीं करें, ऐसा लिखा है। मतलब यह कि इस दिन संभवतरू स्वर्ण तो खरीदा जा सकता है लेकिन पहना नहीं जा सकता।

2. विदवानों का मानना है कि इस दिन विवाह नहीं करना चाहिए क्योंकि पुष्य नक्षत्र को ब्रह्माजी का श्राप मिला हुआ है, इसलिए यह नक्षत्र विवाह हेतु वर्जित माना गया है।

3. बुधवार और शुक्रवार के दिन पड़ने वाले पुष्य नक्षत्र उत्पातकारी भी माने गए हैं। अतरू इस दिन कोई भी शुभ या मंगल कार्य ना करें और ना ही कोई वस्तु या वाहन खरीदें।

4. इस नक्षत्र का स्वामी शनि ग्रह है अतरू इस नक्षत्र के दौरान शनि के मंदे कार्य नहीं करना चाहिए।

# नागरिकों में स्वच्छता की जिम्मेदारी का भाव विकसित करने में आपकी सभी करें सहयोगः निगमायुक्त





ग्वालियर। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने एवं नागरिकों में स्वच्छता की जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए चलाए जा रहे दीपावली संकल्प जागरूकता अभियान के तहत आज नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर की विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं से जुडी महिलाओं को स्वच्छता जागरूकता अभियान की जानकारी दी एवं उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई।

बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने महिला समाज सेवियों को संबोधित करते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हम सभी को मिलकर शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर उनके अंदर स्वच्छता की जिम्मेदारी का भाव जगाना है। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर श्री पवन दीक्षित सहित अन्य अधिकारी सहित समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महाराज बाडे पर आमजनों को दिलाई सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ

नोडल अधिकारी ठोस कचरा प्रबंधन श्री श्रीकांत कांटे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज शुक्रवार को सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में जागरूकता अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए आमजन से आग्रह किया एवं शपथ दिलाई गई। अभियान के दौरान स्वच्छता के ब्रांड एम्बेस्डर डॉ एम एल दौलतानी ने महाराज बाडें पर आमजनों को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में आमजनों को जानकारी दी तथा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन उपयोग न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी सहित निगम का अमला मौजूद रहा।

## यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाया



ग्वालियर। शहर की सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा विभिन्न प्रमुख मार्गों पर कार्यवाही करते हुए यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाया एवं दुकान के बाहर रखा सामान जप्त कर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी।

मदाखलत अधिकारी पूर्व विधानसभा श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर में यातायात व्यवस्था का बेहतर बनाने के लिए निगम के मदाखलत अमले द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से शहर के प्रमुख मार्गों पर कार्यवाही की गई। जिसमें मुरार सदर बाजार क्षेत्र में मदाखलत अमले द्वारा अस्थाई ठेले वालों को एवं फुटकर विक्रेता को मुख्य मार्ग से यातायात अवरूद्ध करने पर हटवाया गया। इसके साथ ही फुटपाथ पर रखे सामान को भी जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान मदाखलत अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान, निरीक्षक सुघर सिंह मदाखलत अमला एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

## महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ इन्दरगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धरना दिया



ग्वालियर। महंगाई भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा, सरमन राय, उदल जी, विधायक डॉ सतीश सिकरवार, महाराज सिंह पटेल और महिला कॉग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रूची राय ठाकुर के नेतृत्व में नाकाचंद्रबदनी तिराहे पर धरना दिया गया। धरने में विधायक डॉ. सिकरवार ने अपने उध्बोधन में कहा कि देश का आम आदमी, किसान, व्यापारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से परेशान है, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं खाद्यान्नों के दाम हर रोज बढ़ रहे हैं इसमें गरीब सर्वहारा वर्ग परेशान है। मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार एवं केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में असफल है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। धरने में ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गुर्जर, पूर्व पार्षद अवदेश कौरव, हरेन्द्र गुर्जर, विजय वहादुर त्यागी, सुरेश प्रजापति, आदित्य सिकरवार, अनूप शिवहरे, शरद यादव, अजय गुर्जर, विटटू शर्मा, गीता गुप्ता, के साथ सैंकडो की संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## निगम ने गोबर संग्रहण वाहनों से पशु डेयरियों से उठाया गोबर



ग्वालियर। पशु डेयरी संचालकों द्वारा सडक या नाली में फेंके गए गोबर से होने वाली गंदगी व सीवर चौक की समस्या के निराकरण के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा अब घर-घर जाकर गोबर संग्रहण कर रहा है। निगम के अमले ने पशु डेयरी संचलकों से बात कर उन्हें समझाईश दी कि वह अपनी डेयरी से निकलने वाले गोबर को सडक या नाली पर न फेंके और निगम के गोबर संग्रहण वाहन में ही डालें।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में घरों से निकलने वाले कचरे को घर-घर से संग्रहित कराया जाता है तथा सडकों से भी कचरा नियमित रुप से उठवाया जाता है, लेकिन गोबर के ढेर शहर की स्वच्छता के लिए रुकावट साबित हो रहे थे। शहर में पशु डेयरी संचालित करने वाले डेयरी संचालक उनके यहां से निकलने वाले गोबर को या तो सडक किनारे लगा देते हैं या फिर नालियों में बहा देते हैं जिसके कारण नालियां भी चौक होने की समस्या बनी रहती है। इसी कारण पशु डेयरियों पर जाकर गोबर उठाया जा रहा है। निगम द्वारा किए जा रहे गोबर संग्रहण




अभियान की मॉनीटरिंग सभी क्षेत्रों के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए कराया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव



ग्वालियर। शहर में संक्रामक एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही लार्वा का सर्वे भी किया जा रहा है तथा जहां भी लार्वा मिला तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर शहर के सभी वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत निगम के अमले द्वारा आज दिनांक 29 अक्टूबर को लक्ष्मीपुरम, किशन बाग, बहोडापुर, फूलबाग चौराहा, चेतक पुरी, झांसीरो? सहित विभिन्न चौराहों एवं मार्गों पर बडी वाटर कैनन मशीन के द्वारा एवं निगम के वार्ड वार गठित फोगिंग दल द्वारा मोहल्लों, बस्तियोंव कॉलोनियों सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में पंहुचकर फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया।

### निगमायुक्त ने किया जमुनाबाग नर्सरी एवं म्यूजियम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शुक्रवार को मोतीमहल स्थित निगम की जमुनाबाग नर्सरी का निरीक्षण किया तथा निगम के म्यूजियम का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मोतीमहल स्थित निगम की जमुनाबाग नर्सरी का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि निगम की नर्सरी बहुत ही व्यवस्थित एवं उपयोगी व सुंदर पौधों के लिए पहचानी जानी चाहिए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने नर्सरी को और अधिक व्यवस्थित करने तथा औषधीय व सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक पौधों को तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम की नर्सरी में ही तैयार पौधों का उपयोग शहर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि निगम के एक बडी नर्सरी तैयार करने की योजना बनाएं जो कि शहर की व्यवस्थित व अच्छी नर्सरी हो। निरीक्षण के दौरान पार्क अधीक्षक श्री मुकेश बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**निगम के म्यूजियम को बनाएं जन आकर्षण का केन्द्र- निगमायुक्त**

निगमायुक्त श्री कन्याल ने मोतीमहल में स्थित निगम के म्यूजियम का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह पुरानी विरासत को सहेजे हुए बहुत ही समृद्धशाली म्यूजियम है तथा इसके विकास, संरक्षण व प्रचार प्रसार के लिए काफी प्रयास करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि निगम के म्यूजियम को जन आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए इसके रंगाई पुताई कराई जाए एवं बैनर आदि लगाए जाएं तथा म्यूजियम में पर्यटक एवं सैलानी आएं इसके लिए इसका अधिक से अधिक प्रचार किया जाए।

### हाऊसिंग आयुक्त श्री भरत यादव ने लापरवाही के कारण उपायुक्त ग्वालियर हाऊसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का मय स्टाफ रोका वेतन

ग्वालियर। मध्यप्रदेश हाऊसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर बोर्ड के आयुक्त श्री भरत यादव ने ग्वालियर हाऊसिंग बोर्ड सर्किल के उपायुक्त का मय स्टाफ सहित वेतन रोकने के आदेश दिए। श्री यादव शुक्रवार को पर्यावास भवन में बोर्ड के अधिकारियों के साथ वर्चुअल टी.एल. बैठक में कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। श्री यादव ने संपत्ति के संबंध में नोटिस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए सभी अधिकारियों को 10 नवंबर तक का टारगेट पूरा करने के लिए कहा है।

## शहर में जल एवं स्वच्छता के लिए आगामी परियोजना हेतु एएफडी के दल ने किया भ्रमण

ग्वालियर। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरों में नवीन परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की निवेश चुनौती तैयार करने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए सरकार द्वारा एएफडी से हाथ मिलाया है। जिसके दल द्वारा आज ग्वालियर में विभिन्न परियोजनाओं का भ्रमण कर डाटा कलेक्ट किया तथा नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल से चर्चा कर अन्य आवशयक जानकारियां उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की।



नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरों को जल सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत जला आपूर्ति और स्वच्छता के संचालन के लिए उपलब्ध बुनियादी डांचा, सेवा वितरण की स्थिति, अंतराल क्षेत्र, प्रमुख तकनीकि, परिचालन चुनौतिया एवं क्षेत्र में आगामी नियोजित परियोजनाओं के डाटा को एकत्रित किया जा रहा है। जिसको लेकर निगमायुक्त श्री कन्याल ने नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव को सभी आवशयक डाटा दल को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। एएफडी दल द्वारा शहर के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, कचरा ट्रांसफर स्टेशन एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि यह डाटा अमृत-2.0 में जोडा जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478